शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 20 | गुवाहाटी | शनिवार, 17 अगस्त, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

आयकर विभाग ने असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन... पेज 2
जीएमसीएच परिसर में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन पेज 3
देश की आजादी में रानी अवंतीबाई का बड़ा योगदान : अखिलेश यादव पेज 5
केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने मनु भाकर को किया सम्मानित, 10 लाख .... पेज 7

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*वह जो हमारे चिंतन में रहता है वह करीब हैं, भले ही वास्तविकता में वह दूर ही क्यों ना हो; लेकिन जो हमारे हृदय में नहीं हैं वो करीब होते हुए भी बहुत दूर होता है।*


– चाणक्य

# जम्मू-कश्मीर में तीन और हरियाणा में एक चरण में मतदान, चार अक्तूबर को नतीजे




**नई दिल्ली ( हिंस )।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी। जम्मू-कश्मीर में 3 चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्तूबर को मतदान होगा। हरियाणा में एक चरण में 1 अक्तूबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों की मतगणना 4 अक्तूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में दोनों राज्यों के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में अगले माह विधानसभा का चुनाव कराना है। उसके बीच में दूसरे चुनाव की घोषणा न करनी पड़े, इसलिए हमने साथ में हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव कराने का निश्चय किया। इस साल चार और अगले साल की शुरुआत में एक राज्य में चुनाव कराने हैं। सुरक्षा बलों की आवश्यकता और व्यवहारिता को ध्यान में रखते हुए हमने दो-दो राज्यों में एक साथ चुनाव कराने पर विचार किया है। महाराष्ट्र में अभी बारिश हो रही और फिर त्योहार आने हैं, इन सबको ध्यान में रखते हुए अभी वहां चुनाव कार्यक्रम नहीं तय किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आम चुनावों से सीख लेते हुए इस बार विशेष तौर पर चुनाव कार्यक्रम को छोटा रखा गया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्तूबर को मतदान होगा। पहले चरण में किश्तवाड़, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां, कुलगाम में मतदान होगा। दूसरे चरण में रियासी, राजौरी, पुंछ, बड़गांव, श्रीनगर, गांदरबल में मतदान होगा। तीसरे चरण में बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला, जम्मू, उधमपुर, सांबा और कठुआ में मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों में 90 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 74 सामान्य, 9 अनुसूचित जनजाति और 7 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के 87.09 लाख मतदाताओं के लिए 9,169 स्थानों पर 11,838 मतदान केंद्र बनाए हैं। मतदाताओं में 44.46 लाख पुरुष और 42.62 लाख महिलाएं हैं। 3.71 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। वहीं 20 से 29 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 20.7 लाख है। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर एक साथ 1 अक्तूबर को मतदान होगा। इसका कार्यक्रम जम्मू-कश्मीर के अंतिम चरण के अनुरूप होगा। इसके लिए 5 सितंबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 12 सितंबर तक नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन की जांच 13 सितंबर और नाम वापसी 16 सितंबर तक होगी। हरियाणा में 22 जिलों में 90 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 73 सामान्य और 17 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर को समाप्त होने जा रहा है। इस बार 2.01 करोड़ मतदाताओं के लिए 10,495 स्थानों पर 20,629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं में 1.06 करोड़ पुरुष, 0.95 करोड़ महिला, 40.95 लाख 20 से 29 वर्ष की आयु के युवा मतदाता और 4.52 लाख पहली बार मतदान करने वाले मतदाता हैं। जम्मू-कश्मीर के बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आम चुनाव 2024 में राज्य में 3 दशक में सबसे अधिक 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक प्रसन्नता युवा, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं की लंबी कतारों को देखकर हुई। कश्मीर घाटी -शेष पृष्ठ दो पर

## अंतर्राष्ट्रीय संसदीय मंचों पर भारत और मॉरीशस के बीच सहयोग और अधिक बढ़ेगा : ओम बिरला



**नई दिल्ली ( हिंस )।** भारत के दौरे पर आए मॉरीशस के नेशनल एसेंबली के स्पीकर डुवाल एड्रिएन चार्ल्स ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यहां पर ओम बिरला ने डुवाल को स्पीकर के पद पर नियुक्ति के लिए बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डुवाल के नेतृत्व में आईपीयू जैसे अंतर्राष्ट्रीय संसदीय मंचों पर भारत और मॉरीशस के बीच सहयोग और अधिक बढ़ेगा। इस मौके पर बिरला ने कहा कि दोनों देशों के बीच अध्यात्म, भाषा और संस्कृति से जुड़ी अनेक -शेष पृष्ठ दो पर

## आईएमए ने किया 24 घंटे के देशव्यापी हड़ताल का एलान

**नई दिल्ली ( हिंस )।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में क्रूर अपराध और स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर की गई गुंडागर्दी के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने 24 घंटे के राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।आईएमए ने गुरुवार देर रात प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देशव्यापी हड़ताल करने की जानकारी दी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है कि डाक्टरों के प्रति हिंसा की घटनाओं को देखते हुए शनिवार 17 अगस्त को सुबह 6 बजे से रविवार 18 अगस्त को सुबह 6 बजे तक 24 घंटे के लिए सेवाएं बंद रखी जाएंगी। हालांकि इस दौरान सभी आवश्यक सेवाएं बहाल रहेंगी। घायलों का इलाज किया जाएगा, लेकिन नियमित ओपीडी बंद रहेगी और ना ही कोई वैकल्पिक सर्जरी की जाएगी। आईएमए ने आगे -शेष पृष्ठ दो पर




## न्यूज गैलरी

### एक बार फिर संसद की सुरक्षा में हुई चूक

**नई दिल्ली।** अति सुरक्षित माने जाने वाले संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है और शुक्रवार को एक युवक दीवार फांद कर संसद भवन परिसर में कूद गया। सूत्रों के अनुसार यह युवक रेड क्रॉस रोड की तरफ से दीवार फांद कर लोकसभा की ओर परिसर में कूदा था। कुछ कर्मचारियों ने उसे दीवार से कूदते हुए देख लिया था। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। इस वर्ष के शुरू में केंद्रीय ओद्योगिक -शेष पृष्ठ दो पर

### शिवराज सिंह चौहान ने पीएम मोदी के विजन को पूरा करने का दिलाया संकल्प

**नई दिल्ली ( हिंस )।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सफाईकर्मी-एमटीएस से लेकर सेक्रेट्री स्तर तक के कर्मचारियों-अधिकारियों की बैठक की।इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन में कृषि और ग्रामीण विकास के लिए दिए विजन को पूरा करने का संकल्प दिलाया। मंत्रालय के मुताबिक बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय के दोनों राज्य मंत्री भी -शेष पृष्ठ दो पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइली समकक्ष नेतन्याहू से बात की

**नई दिल्ली ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन किया। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली विवि ने पहली मेरिट सूची जारी की 97 हजार 387 उम्मीदवारों को सीटें आवंटित

**नई दिल्ली ( हिंस )।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न कॉलेजों में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को पहले दौर की सीटों के आवंटन की घोषणा कर दी। इसमें 97,387 उम्मीदवारों को विभिन्न कॉलेजों में सीटें प्रदान की गई हैं। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा कि डीयू के कॉलेजों में स्नातक की कुल सीटों की संख्या 71,600 है। हालांकि, आवंटन कॉलेजों की कुल सीटों से 36 प्रतिशत अधिक है, क्योंकि विश्वविद्यालय ने सीटों को बेहतर तरीके से भरने के लिए अतिरिक्त आवंटन करने का फैसला किया है ताकि शैक्षणिक सत्र 29 अगस्त से शुरू हो सके। बयान में कहा गया है कि पहले आवंटन दौर में, विश्वविद्यालय ने सीटों को बेहतर ढंग से भरने के लिए अतिरिक्त आवंटन करने का फैसला किया है ताकि शैक्षणिक सत्र 29 अगस्त, 2024 से शुरू हो सके। कुल मिलाकर, पहले दौर में 97,387 आवंटन किए गए हैं। इसमें प्रदर्शन-आधारित कार्यक्रमों और सीडब्ल्यू, ईसीए, खेल और वार्ड, और ईसाई उम्मीदवारों के सुपरन्यूमेरी कोटा के लिए आवंटन शामिल नहीं है। विश्वविद्यालय ने उन्हें 21 अगस्त तक अपनी फीस जमा करने को कहा है। डीयू 69 कॉलेजों और विभागों में 71,600 सीटों (अतिरिक्त सीटों को छोड़कर) पर प्रवेश दे रहा है। 1559 प्रोग्राम-कॉलेज संयोजन हैं, जिन पर प्रवेश दिए जाएंगे। रिकॉर्ड के अनुसार कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस (यूजी)) के चरण-एक के लिए 2,45,287 -शेष पृष्ठ दो पर

## भाजपा ने अलग झारखंड बनाया, इसे बचाने की जिम्मेवारी भी हमारी : हिमंत विश्व शर्मा

**रांची ( हिंस )।** असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा ने हेमंत सरकार पर हमला बोला। शर्मा ने कहा कि ठगबंधन सरकार की अब कोई विश्वसनीयता नहीं बची। भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है तो बचाने की जिम्मेवारी भी हमारी है। भाजपा झारखंड को लुटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती। हिमंत विश्व शर्मा राजधानी रांची के हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को भाजपा झारखंड के सभी 515 मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के झारखंड की जनता ने भाजपा को दिल से समर्थन दिया है। नौ लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत



हुई, एक सीट पार्टी बहुत कम मार्जिन से हारी है। 53 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए आगे रहा है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति से इंडी एलायंस ने पांच सीट जीती हैं। यह जनसमर्थन की जीत नहीं बल्कि तुष्टीकरण की जीत है। भाजपा जनता को तुष्टीकरण की राजनीति से मुक्ति दिलाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड आज निर्णायक मोड़ पर है। बदलते डेमोग्राफी से आने वाले दिनों में राज्य तबाह हो जायेगा। सत्ता के लिए इंडी एलायंस ने घुसपैठियों के हाथों में सब कुछ सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि कि पांच साल पहले से जनता को धोखा देकर सत्ता में आई हेमंत सरकार एक बार फिर से जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटी है। आनन फानन में योजनाओं की घोषणा कर -शेष पृष्ठ दो पर

## 69 हजार शिक्षक भर्ती में बड़ा फैसला
## हाईकोर्ट ने रद्द की मेरिट लिस्ट नई सूची बनाने का दिया आदेश



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फैसले में सरकार को तीन महीने के अंदर नई सूची बनाने के निर्देश दिए हैं जिसमें बेसिक शिक्षा नियमावली और आरक्षण के नियमों का पालन हो। मामले में कोर्ट ने -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेश : हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में नारी शक्ति फोरम ने किया मार्च

**नई दिल्ली ( हिंस )।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में शुक्रवार को नारी शक्ति फोरम ने पैदल मार्च किया। इस संबध में नारी शक्ति फोरम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन भी सौंपा। बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या, लूटपाट, आगजनी, महिलाओं के साथ जघन्य अपराध तथा मंदिर एवं अन्य श्रद्धास्थानों पर हमले जैसी असहनीय क्रूरता के खिलाफ एवं अत्याचार समाप्त करने के लिए भारत सहित पूरे विश्व में प्रयास हो इस बात पर भी बल दिया गया। नारी शक्ति फोरम ने दिल्ली के मंडी हाउस से जंतर मंतर तक मौन विरोध-प्रदर्शन नारी शक्ति मार्च के रूप में किया। इस मार्च में समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में कार्यरत एवं सक्रिय महिलाओं ने हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में प्रोफेसर,



अध्यापिकाएं, डॉक्टर, महिला अधिवक्ता, बैंककर्मी, इंजीनियर, नर्स, गृहणी, उद्योगकर्मी, रिटायर्ड आईपीएस, आईएफएस और आईएएस महिला अधिकारी शामिल थीं। बांग्लादेश में प्रताड़ना के शिकार बने हिंदू, बौद्ध इत्यादि समुदायों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन करने तथा उनके साथ हो रही हिंसा का विरोध करने के लिए एवं उपस्थित जन समुदाय ने अपने मुख पर काली पट्टी बांध रखी थी। नारी शक्ति फोरम की संयोजिका मोनिका अरोड़ा, पद्मश्री -शेष पृष्ठ दो पर

## जम्मू कश्मीर में विस चुनाव से नौकरशाही पर लगेगा विराम : मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली ( हिंस )।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जम्मू और कश्मीर में विधनासभा चुनावों की घोषणा का स्वागत किया है। वहीं, शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे जम्मू और कश्मीर में नौकरशाही पर विराम लग जाएगा। मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां पर आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर राज्य प्रशासन को नियंत्रित करना चाहती है, इसलिए जुलाई में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की धारा 55 के तहत नियमों में संशोधन करके एलजी को और अधिक अधिकार दिए। अब चुनाव की घोषणा से कुछ घंटे पहले नौकरशाहों में भी अचानक फेरबदल कर दिया गया। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हाल ही में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में जहां 9 जून से 27 आतंकवादी हमलों में 18 सेना एवं सुरक्षा कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। कश्मीरी पंडितों और प्रवासी श्रमिकों को भी वर्षों से लक्षित हमलों का सामना करना पड़ा है। यह बेहद चिंताजनक है। मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार ने लोगों को धोखे के -शेष पृष्ठ दो पर

## सिविल सेवा की आकर्षक नौकरियों के चक्रव्यूह से बाहर निकलने का समय आ गया है : धनखड़

**नई दिल्ली ( हिंस )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को समाचार पत्रों में कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों की अतिशयता की ओर इशारा करते हुए युवाओं से कहा कि सिविल सेवा की आकर्षक नौकरियों के चक्रव्यूह से बाहर निकलने का समय आ गया है। उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) में बौद्धिक संपदा कानून और प्रबंधन में संयुक्त परास्नातक/एलएलएम डिग्री के पहले बैच को संबोधित करते हुए कहा कि अखबारों में कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों में आमतौर पर कुछ गिने चुने सफल चेहरे का इस्तेमाल कई संगठनों द्वारा किया जाता है। धनखड़ ने इस बात पर अफसोस जताया कि इन विज्ञापनों का एक-एक पैसा उन युवा लड़के-लड़कियों से




आता है जो अपना भविष्य सुरक्षित करने की कोशिश में लगे हैं। सिविल सेवा नौकरियों की संकीर्णता से मुक्त होने की वकालत करते हुए धनखड़ ने युवाओं को पारंपरिक करियर पथ से परे देखने तथा अधिक आकर्षक और प्रभावशाली करियर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से अन्य क्षेत्रों में भी अवसरों की तलाश करने को कहा। उपराष्ट्रपति ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का प्रयास कर रहा है। उनका यह बयान राहुल गांधी द्वारा हिंडनबर्ग की नवीनतम रिपोर्ट के बाद भारत के शेयर बाजार की अखंडता के बारे में चिंता जताए जाने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि मैं तब बहुत चिंतित हो गया, जब -शेष पृष्ठ दो पर

## इसरो ने रचा एक और कीर्तिमान एसएसएलवी डी-3 की सफल लांचिंग

**नई दिल्ली ( हिंस )।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह 9:17 बजे नया रॉकेट एसएसएलवी डी-3 लांच किया। साथ ही ईओएस-08 मिशन के तौर पर नया अर्थ ऑब्जरवेशन सेटेलाइट की लांचिंग की गई। इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने लांचिंग की सफलता की जानकारी देते हुए पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी। ईओएस- 08 पृथ्वी की निगरानी करने के साथ -शेष पृष्ठ दो पर



CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
**ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
**Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
GERIATRICS (ELDERLY CARE SPECIALIST)
Dr.Priyanka Rana Patgiri, MD
Will be available only for consultation at Guwahati
ON 24th August'2024
Patients suffering from Polypharmacy,orthogeriatrics (fallsarthritis), sarcopenia, incontinence(fecal&urinary),dementiadelerium,balance&gait disorders,diabetes & hypertension in elderly, sleep disorders and all senior citizens to attend for thair medical complaints may register their nams in advance at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph: 8404037649, 0361-3102669, 0361-3102166

# आयकर विभाग ने असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को तलब किया

**गुवाहाटी।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा को तलब किया। आयकर जांच के सहायक निदेशक के कार्यालय द्वारा जारी समन में बोरा को शुक्रवार दोपहर एक बजे व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से बैंक खाते से संबंधित साक्ष्य पेश करने के लिए कहा गया है। इसमें कहा गया है कि तत्काल लागू किसी भी अन्य कानून के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, यदि आप जानबूझकर उपस्थित होने और साक्ष्य देने या बैंक पासबुक या दस्तावेज पेश करने से चूकते हैं, तो ऐसी प्रत्येक



विफलता या चूक के लिए आप पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है...। समन पर प्रतिक्रिया देते हुए बोरा ने कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या आयकर विभाग जैसे संगठनों से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री के पास ईडी, आईटी और सीबीआई है। वह इन संगठनों के माध्यम से कुछ भी कर सकते हैं। जिन लोगों को उनसे डर था, वे पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। हम अब भी कांग्रेस में हैं क्योंकि हमें कोई डर नहीं है। वे जो भी चाहें उन्हें करने दीजिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने गुवाहाटी में आयकर कार्यालय कभी नहीं देखा है लेकिन अब इसे देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे पहली बार नोटिस मिला है। कल मैं नहीं जा सकता क्योंकि मेरा पहले से तय कार्यक्रम है। मेरा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) जाएगा और मेरा प्रतिनिधित्व करेगा।

## राज्यपाल ने पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने शुक्रवार को राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। राजभवन में अटल की पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल आचार्य ने कहा कि वाजपेयी एक प्रतिष्ठित राजनेता, कवि और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने देश के राजनीतिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया। पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आचार्य ने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों जैसे पोखरण-2 परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और आर्थिक उदारीकरण पर प्रकाश डाला।

# उदयपुर में धारा 163 लागू, छह से ज्यादा गाड़ियों में लगाई आग



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में एक सरकारी स्कूल में दो दसवीं कक्षा के छात्रों के बीच हुई लड़ाई में एक छात्र को चाकू मार दिया गया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने कई वाहनों में आग लगा दी, जिसके बाद प्रशासन को धारा 163 लागू करनी पड़ी। यह घटना शुक्रवार को उदयपुर शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र के भट्टियानी चौहट्टा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुई। जानकारी के अनुसार, कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। इस दौरान एक छात्र ने अपने सहपाठी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी छात्र मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल छात्र को तुरंत महाराणा भोपाल सार्वजनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्कूल में अफरातफरी मच गई। स्कूल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी छात्र की तलाश में जुट गई। इसके बाद आरोपी नाबालिग छात्र को डिटेन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जिला अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती घायल छात्र हिंदू संगठन का है, जबकि आरोपी मुस्लिम संगठन का है। घटना के तुरंत बाद शहर के मधुबन इलाके में एकत्र हुए और विरोध-प्रदर्शन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उमेश ओझा ने बताया कि घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना ने इलाके में तनावपूर्ण माहौल पैदा कर दिया है। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने एक गैरेज में खड़ी तीन-चार कारों में आग लगा दी और पथराव किया। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। जिलाधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि घायल छात्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की अपील करते हैं।

# ममता ने बंगाल की गरिमा को नष्ट किया : अनिल एंथनी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल एंथनी ने कहा है कि बंगाल अराजकता, कुशासन और निरंकुशता से मुक्ति का हकदार है। बंगाल सुशासन, विकास और विशेष रूप से महिलाओं और आम नागरिकों के लिए सुरक्षा की गारंटी का हकदार है। गुवाहाटी के अपने दौरे के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल एंथनी ने पश्चिम बंगाल में बिगड़ते हालात पर बात की। उन्होंने कहा कि एक महिला के मुख्यमंत्री होने के बावजूद बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। संदेशखली, चोपड़ा या कोलकाता, ये बार-बार होने वाली घटनाएं पश्चिम बंगाल में महिलाओं की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट संकेत है। केजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की घटना को भयावह बताते हुए, एंथनी ने विस्तार से बताया कि इस घटना ने पूरे देश में छात्र समुदाय और



डॉक्टरों की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। दिल्ली से लेकर केरल, महाराष्ट्र और बंगाल के विभिन्न हिस्सों और भारत के बाहर पूरे भारत में पीड़िता और उसके परिवार के साथ एकजुटता में मौन मार्च और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मामले को सीबीआई को सौंपने में कई दिनों की देरी की और इस तरह अपराध स्थल की उचित जांच सुनिश्चित करने में विफल रहीं। इस देरी के कारण पीड़िता के महत्वपूर्ण साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ और उन्हें नष्ट कर दिया गया। जांच शुरू करने के बजाय, पश्चिम बंगाल पुलिस ने संबंधित प्रिंसिपल और कॉलेज अधिकारियों को बचाने और सबूतों को प्रभावी ढंग से मिटाने का सहारा लिया है। सीबीआई जांच के लिए उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए अनिल एंथनी ने त्वरित और गहन जांच के लिए दबाव डाला। क्योंकि, कानून और व्यवस्था की स्थिति अभी भी दीदी के प्रशासन के अधीन है। पुलिस शायद तुरंत कार्रवाई न करे, क्योंकि गुंडे टीएमसी से जुड़े थे और दीदी अपराधियों को बचाने के लिए बहुत कुछ करने के लिए जानी जाती हैं। एंथनी ने याद दिलाया कि एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ एकजुटता में खड़ी है।

# महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के विरोध में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने किया मौन विरोध प्रदर्शन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, असम प्रदेश ने कामरूप (मेट्रो) जिला भाजपा के सहयोग से आज राजधानी के लताशिल खेल मैदान में आज देर शाम को एक मौन विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। कोलकाता में महिला डॉक्टर से बलात्कार और नृशंस हत्या के विरोध में हजारों महिलाएं हाथों में मोमबत्ती लेकर लताशिल खेल मैदान में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि इस घटना के सभी अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये और पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाये। भाजपा जिला अध्यक्ष तपन दास ने कहा कि रोगियों को जीवनदान देने, रोगियों की रक्षा करने वाले डाक्टरों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने के लिए ममता बनर्जी की सरकार और प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए दोषियों को जल्द कड़ी सजा देने की मांग की।

# सेवा भारती पूर्वांचल के सौजन्य से तीन दिवसीय आवासीय किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सेवा भारती पूर्वांचल के सौजन्य से उत्तर गुवाहाटी के योग निलयम में तीन दिवसीय आवासीय किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग का आज उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बंदना बरुवा ठेंगाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के जरिए सेवा भारती पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष रमेन शर्मा, सचिव रिजु दत्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ असम के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख राजेश देशकर, सह सेवा प्रमुख सुरेंद्र तालखेड़कर, सेवा भारती पूर्वांचल प्रांत की महिला प्रमुख अनिता देउरी और सेवा भारती पूर्वांचल प्रांत के सह संगठन मंत्री कृष्ण कांत गोगोई, प्राणकृष्ण राभा, सेवा भारती पूर्वांचल प्रांत के योग प्रमुख अरुप ज्योति दास ने किया। इस किशोरी प्रशिक्षण वर्ग के प्रशिक्षक के रूप में स्मृति कोंवर, बबीता वैश्य, खुंसाई ब्रह्म, अरुणा दास, अंद्रिला बसुमतारी, अर्चना हैंडिक और अन्य द्वारा किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में डॉ. रिलंजना तालुकदार महंत, सदस्य, असम राज्य बाल संरक्षण अधिकार संरक्षण आयोग, डॉ. बंदना भुइयां, मनोविज्ञान (विभाग), प्रतीक्षा अस्पताल, गुवाहाटी, डॉ. सुभा शर्मा, डॉ. सुप्रिया सोनवाल (गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज डॉक्टर) ने भाग लिया। असम के 6 जिलों से कुल 30 महिलाओं ने इस वर्ग में भाग लिया। इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। सेवा भारती पूर्वांचल प्रांत कई वर्षों से किशोरियों के विकास के लिए पूर्वांचल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों लगातार काम कर रहा है। आगे के नवाचार सेवा कार्य के लिए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया है।

# चीनी नागरिकों के साथ मिलकर चला रहे थे सट्टेबाजी का एप, ईडी ने चार को दबोचा

**नई दिल्ली।** ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग एप के जरिये 400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चीनी नागरिक यह एप कथित तौर पर कुछ भारतीयों के साथ मिलकर चला रहे थे। ईडी ने शुक्रवार को बयान में बताया कि अरुण साहू, आलोक साहू, चेतन प्रकाश और जोसेफ स्टालिन को फिएविन नामक एप से संबंधित मामले में मनी लांड्रिंग रोधी कानून के तहत पकड़ा गया है। मनी लांड्रिंग का यह मामला कोलकाता के एक पुलिस स्टेशन में ऑनलाइन गेमर्स के साथ धोखाधड़ी को लेकर दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। यह प्राथमिकी अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज की गई थी। ईडी ने यह नहीं बताया कि इन लोगों को कब गिरफ्तार किया गया, लेकिन कहा कि कोलकाता की एक विशेष अदालत ने इन लोगों को 14 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने पोंजी स्कीम चलाकर धोखाधड़ी करने वाली एक कंपनी की 29 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग रोधी कानून के तहत जांच के दौरान की गई है। ईडी ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि पर्लवाइन इंटरनेशनल के बैनर तले चलने वाले पोर्टल के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। मनी लांड्रिंग का यह मामला आरबीआई की शिकायत पर मेघालय पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। पर्लवाइन इंटरनेशनल खुद को अमेरिका की कंपनी होने का दावा करती थी, जो मान्यता प्राप्त नहीं थी।

# पृष्ठ एक का शेष

## *जम्मू-कश्मीर में तीन और हरियाणा ...*

में 51.06 प्रतिशत वोटिंग हुई। कश्मीरियों ने हिंसा को नकारते हुए जीत के लिए वोट किया। देश के विभिन्न हिस्सों में कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं की सुविधा के लिए हमने 26 विशेष मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। सबसे खास बात यह रही कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण मतदान हुआ और कहीं भी दोबारा मतदान नहीं कराना पड़ा।

## *अंतर्राष्ट्रीय संसदीय मंचों पर भारत और ...*

समानताएं हैं जिससे दोनों देशों के लोग एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भी मारीशस के लोगों का भारतीय संस्कृति से जुड़ाव दोनों देशों की एकजुटता और सामूहिक शक्ति को दर्शाता है। बिरला ने यह भी कहा कि भारत से मॉरीशस जाने वाले हजारों पर्यटकों को दोनों देशों के लोगों के घनिष्ठ संबंधों का मजबूत स्तम्भ है। भारत और मॉरीशस के बीच विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी लगातार बढ़ रही है। आशा भी व्यक्त की कि डिजिटलीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में यह सहयोग और बढ़ेगा। भारत और मॉरीशस के बीच संसदीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बिरला ने दोनों देशों के बीच संसदीय शिष्टमंडलों के आदान-प्रदान पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि संसदीय राजनय के माध्यम से भारत और मॉरीशस के नागरिकों के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। साझे लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों पर आधारित भारत और मॉरीशस के द्विपक्षीय संबंधों की घनिष्ठता पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इन साझे मूल्यों के आधार पर दोनों संसदों को भी आपस में सहयोग बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर महामहिम डुवाल ने कहा कि वह भारत यात्रा के दौरान हुए स्वागत-सत्कार के लिए आभारी हैं। उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके ऐतिहासिक पुनर्निर्वाचन पर बधाई दी। उन्होंने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मॉरीशस के लोगों और संसद की ओर से बधाई दी। भारतीय निर्वाचन प्रक्रिया की प्रशंसा करते हुए महामहिम डुवाल ने निर्वाचन आयोग के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यकरण की सराहना की। भारत और मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बेहद खास बताते हुए डुवाल ने संसद टीवी द्वारा मॉरीशस संसद को दी गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। मॉरीशस संसद के डिजिटलाइजेशन कार्यक्रम के बारे में बताते हुए महामहिम डुवाल ने कहा कि भारतीय संसद की डिजिटल संसद पहल से मॉरीशस में भी इसी तरह की पहल का मार्ग प्रशस्त हुआ है। डुवाल ने डिजिटल प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में दोनों संसदों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर जोर दिया।

## *आईएमए ने किया 24 ...*

कहा कि यह बंदी उन सभी क्षेत्रों में रहेगी जहां भी आधुनिक चिकित्सा चिकित्सक सेवा प्रदान कर रहे हैं। आईएमए का कहना है कि बुधवार रात्रि आंदोलनरत चिकित्सकों के ऊपर आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। आईएमए को अपने डॉक्टरों के उचित मुद्दे के प्रति राष्ट्र की सहानुभूति की आवश्यकता है। हम बस चिकित्सकों की सुरक्षा चाहते हैं।

## *दिल्ली विवि ने पहली मेरिट सूची ...*

उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1,85,543 आवेदकों ने प्रोग्राम तथा कॉलेज संयोजनों के लिए अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत करके सीएसएएस का चरण-दो पूरा कर लिया था। विश्वविद्यालय को प्राप्त कुल वरीयताओं की संख्या 1,72,18,187 थी। विश्वविद्यालय ने कहा कि डीयू ने उन सभी कार्यक्रमों के लिए कॉमन रैंक, कट-ऑफ रैंक, कार्यक्रम-विशिष्ट सीयूईटी स्कोर और कटऑफ स्कोर प्रदर्शित किए हैं, जिनके लिए उम्मीदवार ने आवेदन किया है। उम्मीदवारों के पास उन्हें आवंटित सीटों को स्वीकार करने के लिए 18 अगस्त (रविवार) तक का समय है।

## *भाजपा ने अलग झारखंड..*

रही है लेकिन हेमंत सोरेन यह नहीं बता पा रहे कि उनकी पिछले पांच साल में कौन सी योजना धरातल पर उतरी। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि हेमंत सरकार के खाने के दांत और दिखाने के अलग अलग हैं। भाजपा ने पहले भी राज्य में अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है और भाजपा नेतृत्व की नई सरकार मईयां योजना से भी अच्छी योजना लाकर बहन बेटियों की उन्नति सुनिश्चित करेगी। केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल रूप से बैठक को संबोधित किया। चौहान ने कहा कि झामुमो अब झारखंड मिटाओ मोर्चा बन चुका है। इंडी एलायंस ने झारखंड की अस्मिता ही दांव पर लगा दी है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अब भाजपा के लिए नहीं राज्य को बचाने के लिए हेमंत सरकार को हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने बड़े अरमान से अलग झारखंड का गठन किया। आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें साक्षी मानकर हम संकल्प लें। हमें विजय श्री का वरण करना है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के संगठन प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा और बर्बाद किया है। अब इसे बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ चुका है। जनता तैयार बैठी है। हमें दरवाजे दरवाजे पर दस्तक देने की जरूरत है। नाकामियों के भार से यह सरकार दब चुकी है। उन्होंने कहा कि हमें 2024 में नेता प्रतिपक्ष नहीं बल्कि नेता सदन चुनना है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त की युवा आक्रोश रैली जन जन का आक्रोश बने, ऐसा प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में संघर्ष का शंख पार्टी ने फूंक दिया है। चुनाव के नगाड़े भी बजेंगे। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से बूथ जीता, चुनाव जीता मंत्र को सिद्ध करने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार अपनी विफलताओं से घिर चुकी है। अभिमन्यु जैसी युवा शक्ति को प्रताड़ित किया है। अब अर्जुन को गांडीव उठाने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि युवा आक्रोश रैली में पार्टी का विराट रूप रांची की सड़कों पर दिखेगा। उन्होंने कहा कि ठगबंधन सरकार ने ठगने का रिकॉर्ड बनाया है। युवा हिसाब मांगने मुख्यमंत्री आवास जा रहे हैं। राज्य की युवा शक्ति अपना हक मांगने आ रही है। पांच लाख प्रतिवर्ष नौकरी, बेरोजगारी भत्ता ,नियोजन नीति का हिसाब मांगने आ रही है। हेमंत सरकार से आदिवासी, दलित, पिछड़े, किसान, महिला सभी अपने अपने हक का हिसाब मांग रहे हैं और यह सरकार भाग रही। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना और ग्रीन कार्ड योजना सब धोखा है। मंईयां योजना धोखा योजना का सिरमौर है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा एनडीए के विधायकों ने राज्य के सर्वोच्च पंचायत में राज्य सरकार के नाकामियों को ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ उजागर किया है। 24 घंटे में ही राज्य सरकार बैक फुट पर चली गई। सरकार निरुत्तर है। उन्होंने कहा कि भाजपा जन भावनाओं के साथ खड़ी है। आज राज्य नाकामियों और निराशा से भर चुका है। राज्य की पहचान प्रतिदिन होती पांच हत्याएं और पांच बलात्कार के रूप में बन गई है। माटी रोटी और बेटी की चिंता राज्य वासियों को चिंतित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार से बार बार जनता को अवगत कराना है। सदन के संघर्ष को हमे सड़क पर भी दिखाना है और 23 अगस्त को यह झारखंड की सड़कों पर दिखेगा। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से आह्वान किया कि किसी भी हालत में हेमंत सरकार की वापसी न होने पाए, इसका संकल्प लें ।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आगामी 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 113वें एपिसोड को हर बूथ पर जनता के साथ पूरी बूथ कमेटी सुनना सुनिश्चित करें। सिंह ने भाजपा की सांगठनिक संरचना में छह प्रमंडल घोषित करते हुए प्रमंडल प्रभारी के नामों की घोषणा की।

## *हाईकोर्ट ने रद्द की मेरिट...*

सरकार को तीन महीने में नई मेरिट लिस्ट जारी करने का आदेश दिया है जिसमें आरक्षण के नियमों और बेसिक शिक्षा नियमावली का पालन किया गया हो। बता दें कि भर्ती प्रक्रिया में आरोप लगाया गया था कि 19 हजार पदों पर आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया गया है। ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी की जगह सिर्फ 3.86 फीसदी का और अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को 21 फीसदी की जगह 16.2 फीसदी आरक्षण दिया गया था। हालांकि, सरकार ने भर्ती नियमानुसार होने की बात कही थी। अब कोर्ट ने नई सूची जारी करने का आदेश दिया है।

## *बांग्लादेश : हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार...*

से सम्मानित जानी-मानी कथक नृत्यांगना उमा शर्मा, बांग्लादेश में भारत की राजनियक रहीं सीमा सीकरी तथा जेएनयू की प्रोफेसर ज्योति राज एवं अनेक प्रबुद्ध महिलाओं ने मंडी हाउस एवं जंतर मंतर पर इस प्रदर्शन को संबोधित किया। जंतर मंतर पर मार्च को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने याद दिलाया कि आज 16 अगस्त है। आज ही के दिन 16 अगस्त 1946 को द्वि-राष्ट्र सिद्धांत पर भारत से अलग देश पाकिस्तान की मांग मनवाने के लिए मुस्लिम लीग ने कलकत्ता में डायरेक्ट एक्शन डे की शुरुआत की थी जिसमें हजारों हिंदुओं को मौत के घाट उतार दिया गया था। वर्तमान में बांग्लादेश में फिर वहीं दोहराया जा रहा है। कट्टरपंथी जमातों के जिस तरह से हिंदूओं पर हमले बढ़ रहे है उससे वहां रहने वाले हिंदू परिवार खौफ में जी रहे हैं।

## *जम्मू कश्मीर में विस चुनाव से ...*

सिवाय कुछ नहीं दिया है। किसान और नौजवान पीड़ित हैं। प्रदेश में बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। अनेक भर्ती घोटाले हुए हैं। कानून व्यवस्था ठप है। भाजपा ने राज्य के सामाजिक ताने-बाने को विभाजित करना का षड्यंत्र रचा है। यहां कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हरियाणा को एक विश्वसनीय विकल्प दे सकती है।

## *इसरो ने रचा एक और ...*

पर्यावरण और आपदा को लेकर जानकारी देगा। साथ ही तकनीकी प्रदर्शन भी करेगा। इसमें तीन अत्याधुनिक पेलोड हैं- इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रारेड पेलोड (ईओआईआर), ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और एसआईसी यूवी डोसिमीटर। इसरो के मुताबिक अपने नियोजित एक वर्ष के मिशन जीवन के साथ ईओएस-08 महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा। सफल लांचिंग के बाद इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने कहा कि हमारी लांचिंग सही है। सैटेलाइट सही जगह पर पहुंच गई है। अब हम कह सकते हैं कि एसएसएलवी रॉकेट की तीसरी डिमॉन्स्ट्रेशन उड़ान सफल रही है। अब हम इस रॉकेट की टेक्निकल जानकारी इंडस्ट्री को शेयर करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा मात्रा में रॉकेट्स बन सके। छोटे सैटेलाइट्स की लांचिंग ज्यादा हो सके।

## *सिविल सेवा की आकर्षक नौकरियों ...*

पिछले सप्ताह ही एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने एक सुप्रचारित मीडिया में घोषणा की, मैं कहूंगा कि यह एक अभियान है, जिसमें उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेकर अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करके हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट करने के उद्देश्य से एक कथानक को हवा देने का अनुरोध किया। धनखड़ ने कहा कि संस्था का अधिकार क्षेत्र भारतीय संविधान द्वारा परिभाषित किया गया है, चाहे वह विधायिका, कार्यपालिका या फिर न्यायपालिका हो। न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र तय होता है। दुनिया भर में देखें, अमेरिका में सर्वोच्च न्यायालय को देखें, ब्रिटेन में सर्वोच्च न्यायालय को देखें या अन्य प्रारूपों को देखें। उन्होंने कहा कि क्या एक बार भी स्वत: संज्ञान लिया गया है? क्या संविधान में दिए गए प्रावधान से परे कोई उपाय बनाया गया है? यह समीक्षा भी प्रदान करता है।

## *एक बार फिर संसद ...*

सुरक्षा बल (सी आई एस एफ) द्वारा संसद परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने के करीब छह महीने के अंदर ही सुरक्षा में चूक का यह बड़ा मामला सामने आया है। इससे पहले संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के पास थी। सूत्रों ने बताया कि परिसर में कूदने से पहले इस युवक को दीवार के पास घूमते देखा गया था। खबर लिखे जाने तक संसद भवन के सुरक्षाकर्मी उससे पूछताछ कर रहे थे। बाद में उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया जाएगा। अभी यह नहीं पता चला है कि वह किस उद्देश्य से संसद भवन परिसर में घुसा था। दिसंबर 2023 में संसद पर 2001 के हमले की वर्षगांठ के दिन दो व्यक्ति लोकसभा की कार्रवाई देखने के नाम पर दर्शक दीर्घा में पहुंच गए थे। बाद में वे सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर सदन में कूद गए और वहां गैस छोड़ी। उस समय लोक सभा की कार्रवाई चल रही थी। उसी समय संसद भवन परिसर के बाहर भी इनके दो सहयोगियों ने गैस छोड़ी। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस से लेकर सी आई एस एफ को सौंप दी गई थी। इस घटना से संसद भवन की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## *शिवराज सिंह चौहान ने ...*

शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे वर्ष 2047 तक के रोडमैप और विकसित भारत के संकल्पों की पूर्ति के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा- तीन गुना काम करना है, हम उनके मार्गदर्शन में तीन गुना परिश्रम करेंगे। हम सब एक परिवार है मिलकर काम करेंगे।

## *प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ...*

पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता के लिए भारत के आह्वान को दोहराया। उन्होंने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं और भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू के फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। हमने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। स्थिति को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्ध विराम और निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता के लिए अपना आह्वान दोहराया।

# जीएमसीएच परिसर में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक महिला जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या का देश भर के डॉक्टरों द्वारा विरोध जारी है। डॉक्टरों ने देश में डॉक्टरों के आंदोलन के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई घटना के लिए न्याय की मांग को लेकर डॉक्टर एकजुट होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने दोषियों को उचित सजा देने और घटना की सीबीआई जांच की मांग की। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा इसी बीच सीबीआई जांच का आदेश दे दिया गया है। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी की चिकित्सा सेवाओं का अनिश्चितकाल के लिए बहिष्कार कर दिया है। केवल वरिष्ठ डॉक्टर ही चिकित्सा देखभाल प्रदान करेंगे। जूनियर डॉक्टरों को दोषी को सजा मिलने तक प्रदर्शन करने की धमकी दी जा रही है। इस घटना पर पूरे भारत में तीखी प्रतिक्रियाएं हुई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की घटना के विरोध में देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। आईएमए ने शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। संगठन ने कहा कि डॉक्टर उक्त 24 घंटों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी सेवाएं प्रदान करने से बचेंगे। नियमित ओपीडी और चुनिंदा सर्जिकल कार्य नहीं किए जाएंगे। बुधवार की रात आरजी कर अस्पताल में हुए हमले के विरोध में आज एक आपात बैठक में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने यह फैसला लिया।

## डिगबोई रिफाइनरी के सामने सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन

**तिनसुकिया ( हिंस )।** डिगबोई रिफाइनरी के प्रशासनिक भवन के सामने सैकड़ों किसानों ने आज प्रदर्शन किया। कुछ दिन पहले रिफाइनरी से निकलने वाला तेल खेतों में फैल गया था, जिससे फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया था। वहीं, डिगबोई शहर में नालों से तैलीय पानी बहने से बरबील के खेतों को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने आज मीडिया को बताया कि प्रभावित किसानों को मुआवजे, डिगबोई में नाले खोदने और तटबंध के निर्माण की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया गया है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** धूपधारा के देवशिला में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-17 पर एक ट्रक और स्कूटी (एएस-18एम-3385) के बीच आमने-सामने की हुई टक्कर में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आज बताया कि स्कूटी सवार दोनों युवकों को धूपधारा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने स्कूटी सवार को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सुरजीत राभा और घायल युवक की पहचान एल सुमनजीत राभा के रूप में हुई है। मृतक रंगजुली के खमार-माजपारा का निवासी तथा दुधनै कॉलेज का छात्र था।

# मारवाड़ी सम्मेलन, गुवाहाटी एवं नगांव का सोल्लास 70वां स्वतंत्रता दिवस आयोजित





**गुवाहाटी/नगांव ( विभास/निसं )।** मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप, गुवाहाटी, गुवाहाटी ग्रेटर, गुवाहाटी महिला शाखा और महिला एकता मंच ने संयुक्त रूप से आठगांव चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा ने तिरंगा झंडा फहरा कर व सलामी देकर किया। इस अवसर पर आठगांव चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय के प्रिंसिपल हरिधन काकोटी, प्रांतीय उपाध्यक्ष रमेश चांडक, प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार लोहिया, राष्ट्रीय समिति सदस्य राजकुमार तिवारी, मंडलीय उपाध्यक्ष सुशील गोयल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री मनोज काला, पंकज पोद्दार, गुवाहाटी की चारों शाखा के अध्यक्ष शंकर बिडला, दिनेश गुप्ता, दीपक पोद्दार, श्रीमती संतोष शर्मा, महिला एकता मंच की अध्यक्षा सरोज मित्तल उपस्थित थी। स्थानीय गायक बिनोद शर्मा ने देशभक्ति गीतों से देशप्रेम का शॅमा बना दिया। विकास पगारिया ने अपनी कविता और श्याम शर्मा ने देशभक्ति गीत से सभी का मन मोह लिया। उपस्तिथ सभी महिलाओं ने भी देशभक्ति के गीतों पर झूम कर नृत्य किया। कार्यकर्म को सफल बनाने में उपस्थित सभी शाखाओं के पदाधिकारी, कार्यकरिणी सदस्यो और शाखा सदस्यो ने अपना अपना योगदान दिया। उपस्तिथ सभी बच्चों को उपहार के साथ ही नाश्ते के डिब्बे प्रदान किए गए। इस अवसर पर। समारोह में उपस्थित प्राय 300 से भी अधिक लोगों को भोजन भी कराया गया। **नगांव** से हमारे संवाददाता के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन नगांव शाखा, मारवाड़ी युवा मंच नगांव शाखा, एवं मारवाड़ी युवा मंत्र नगांव शिखर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से स्वर्गीय मेघराज अग्रवाल स्मृति भवन में स्वतंत्रता दिवस का पालन किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि वयोवृद्ध समाजसेवी भंवरलाल धारीवाल के कर कमलो से झंडा रोहण किया गया। इससे पूर्व सम्मेलन नगांव के अध्यक्ष प्रदीप सोभासरिया ने धारीवाल का फुलाम गमछा पहनाकर, युवा मंच नगांव शाखा के अध्यक्ष मनीष गाड़ोदिया ने तीन रंग का दुपट्टा पहनाकर एवं शिखर शाखा के सचिव पंकज चांडक ने तिरंगा चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। मुख्य अतिथि धारीवाल ने अपने संबोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी, सम्मेलन के सचिव अजय मित्तल, युवा मंच नगांव शाखा के पूर्व अध्यक्ष नितिन मुंदड़ा, एवं शिखर शाखा के उपाध्यक्ष वेंकट जोगनी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी समाज बंधु, महिलाओं एवं बच्चों ने तिरंगे को सलामी देते हुए सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धा गुजरानी, जागृत अग्रवाल ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। वहीं नृत्य में गतिक केजरीवाल, काव्या बिहाणी, हर्ष गिंदडा, रौनक अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, खुष्मिता अग्रवाल, एवं मीनाक्षी नागरका ने देश भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सम्मेलन नगांव शाखा के उपाध्यक्ष रतन जाजोदिया, अजित माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष मालचंद अग्रवाल सहित सम्मेलन एवं युवा मंच के कई पदाधिकारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश भजनका, गौतम मुंदड़ा, पंकज गाड़ोदिया, रजत केजरीवाल, यश तोदी, संदीप गुजरानी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम मे सम्मेलन के मंडलीय उपाध्यक्ष संजय गाड़ोदिया भी उपस्थित थे।

## बाइकर्स पर अनुचित बल प्रयोग के लिए डीजीपी ने मांगी माफी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** स्वतंत्रता दिवस के दिन बाइकचालकों पर पुलिस के बल प्रयोग को असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने अनुचित बताते हुए इसके लिए जनता से मांगी माफी है। दरअसल, एक वीडियो वायरल हुआ कि जिसमें पुलिसकर्मियों को नियमित वाहन जांच की दौरान लोगों को लाठियों से पीटते हुए दिखाया गया है। पुलिसकर्मी एक व्यक्ति की पीठ के निचले हिस्से पर बेंत से वार करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस महानिदेशक सिंह ने इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त हुए करते हुए कहा कि मैं बल के अनुचित प्रयोग या कठोरता बरतने के लिए बहुत माफी मांगता हूं। डीजीपी सिंह ने कहा कि सहकर्मी पुलिसकर्मियों को मेरी सलाह है कि बल का प्रयोग केवल गैरकानूनी भीड़ और अपराधियों के खिलाफ ही होना चाहिए, कहीं और नहीं। सिंह ने बताया कि संबंधित पुलिसकर्मियों और पर्यवेक्षक अधिकारियों को उचित सलाह और परामर्श दिया गया है।

## लंका के मंदिर से नकद समेत मूर्तियों की चोरी

**नगांव ( हिंस )।** लंका में चोरी की वारदात लगातार जारी है। चोरों के निशाने पर स्थानीय मठ-मंदिर आदि हैं। लंका के मसका स्थित भागवत मंदिर में चोरी हुई है। पुलिस ने आज बताया कि मंदिर के ताले तोड़कर कांच के बर्तन और पीतल की तीन मूर्तियों के साथ ही 50 हजार रुपए नकद लूट लिए गए। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि पीतल की तीन मूर्तियों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए होगी। चोरी के मामले में मंदिर प्रबंधन समिति ने लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि, चोरी में शामिल किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

## रंगिया : सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय का पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**रंगिया ( विभास )।** राजीव राणा, उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, रंगिया के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के तहत शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, यह पौधरोपण-2024 कार्यक्रम रंगिया नगर के आसपास के इलाके में किया गया जोकि फातिमा हाईस्कूल और केंदुकोना में किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रक मुख्यालय रंगिया के अधिकारी गण एवं एवं स्कूली छात्र छात्राओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में फलदार, छायादार और कीमती लकड़ी के पौधों को लगाया गया। बताया गया है कि यह पौधरोपण भारत सरकार के निर्देश एवं एवं बहुमूल्य लक योजना के तहत लगाया जा रहा है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए शक्तिपीठ कामाख्या धाम में यज्ञ आयोजन

### हिंदुओं, शक्तिपीठों, मठ मंदिरों को अतिशीघ्र सुरक्षा दे : शंकराचार्य अधोक्षजानंद

**गुवाहाटी।** बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक उठा पाठक के बीच हिंदुओं पर हो रहे हमले तथा मठ मंदिरों को तोड़े जाने को लेकर भारत के धर्म गुरु काफी आहत हुए हैं। बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं सहित वहा स्थित तमाम शक्तिपीठों एवं मठ मंदिरों की सुरक्षा के लिए शुक्रवार को शक्तिपीठ कामाख्या धाम में एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। पूर्वाम्नाय गोवर्धन पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज के सानिध्य में साधु-संत एवं सनातन धर्मावलंबियों द्वारा विशेष पूजा अर्चना, प्रार्थना एवं यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने अपने संदेश में बांग्लादेश में बनी अंतरिम सरकार से मांग करते हुए कहा कि वह अपने देश में रह रहे सभी हिंदू सनातनियों भाइयों के जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा वहां मौजूद तमाम शक्तिपीठों सहित



मठ मंदिर आदि को सुरक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य असामाजिक तत्वों का है। क्योंकि वहां के लोग भी धर्म को मानते हैं। ऐसे में कोई तीसरी शक्ति इस कुकृति को अंजाम देकर भाईचारे के आपसी सौहार्द को खत्म करने के अलावा दोनों देशों के बीच खाई गणना चाहती है। शंकराचार्य ने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस विषय को लेकर काफी चिंतित है और वह बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम उठा रहे हैं। साथ ही शंकराचार्य ने असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की नेतत्व की सराहना करते हुए कहा कि असम से सटे बांग्लादेश की सीमावर्ती क्षेत्रों में उन्होंने जितनी तत्परता से सुरक्षा के इंतजामत किए हैं। वह उनकी दूरदर्शी नीतियों को दर्शाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ उठाए जा रहे तमाम नीतियों की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है, जहां हर धर्म के लोग पूरी तरह सुरक्षित है। ऐसे में शंकराचार्य ने भी बांग्लादेश की सरकार से वहां रह रहे हिंदुओं के लिए सुरक्षा का वातावरण स्थापित करने का आह्वान किया।

# देशभर के साथ-साथ राज्यभर में विभिन्न संगठनों ने मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस










**नगांव ( निसं )।** श्री गोपाल गौशाला समिति ने उपस्थित समाज के सभी व्यक्तियों का अभिनंदन करते हुए सभी को 78वें स्वत्रंता दिवस की बधाई प्रेषित की तथा श्री गोपाल गौशाला समिति के अध्यक्ष राधेश्याम लोहिया के कर-कमलों से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी व राष्ट्रीय गीत का गायन किया। तदपश्चात सह-सचिव संजय पोद्दार ने वक्तव्य देते हुए राष्ट्र के उन सभी वीर सपूतों व स्वतंत्र सेनानी तथा अमर शहीदों को नमन किया जिन्होंने देश की आजादी मे अहम भूमिका निभाई। श्री गौशाला के अध्यक्ष ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गौशाला के पूर्व अध्यक्ष विजय लोहिया, पूर्व सचिव शंकर लाल वर्मा, पूर्व सचिव राधारमण खाटूवाल सह-सचिव संजय पौद्दार, नगांव मारवाड़ी पंचायत के सचिव रतन जाजोदिया, श्री हनुमान जन्मोत्सव के सचिव राजेन्द्र मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष महेन्द्र कर्वा, नगांव मारवाड़ी पचायत के जुगल जाजोदिया, अजित माहेश्वरी, जगदीश धुत, जगदीश सोलंकी, गौशाला समिति के सदस्य संजय खेतावत, सुरेश खेड़िया, जुगल मोर, प्रमोद बालाजुरीया व समाज के सभी व्यक्तियों व सभी गो सेवको का तहे दिल से धन्यवाद किया। **होजाई** से हमारे संवाददाता के अनुसार 78वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य के अन्य जिलों की भांती होजाई जिला प्रशासन के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से ही जिला सदर शंकरदेव नगर स्थित खेल पत्थर में मंत्री केशव मंहत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान अर्ध सैनिक बहिनी व छात्रों ने सलामी दी। मंत्री केशव महंत ने अपने संबोधन में कहा कि वह मां भारती की सेवा कर रहे हैं और सरकार की विभिन्न उन्नयन मूलक योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने विशेष तौर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात आदि के साथ-साथ कृषि और पर्यटन के विकास के बारे में प्रकाशडाला। इस दौरान उनके साथ विधायक रामकृष्ण घोष, जिला आयुक्त लचित कुमार दास, जिला पुलिस अधीक्षक सौरभ गुप्ता, जिला भाजपा के अध्यक्ष अनूप देव सहित कई अधिकारी, गणमान्य जन व आम जनता उपस्थित थी। **नगरबेड़ा** से हमारे सेवाददाता के अनुसार कामरूप जिले के बोको-छयगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगरबेड़ा में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नगरबेरा राजस्व सर्कल, पुलिस स्टेशन, क्षेत्रीय मौजा विकास समिति, समरिया विकास खंड, बिमला प्रसाद चालिहा कॉलेज, नगरबेरा हायर सेकेंडरी स्कूल, विक्रम साराभाई साइंस एकेडमी, एलीगेट इंस्टीट्यूटेड, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, शंकरदेव शिशु विद्या निकेतन, नगरबेड़ा, चाइल्ड एकेडमी इंग्लिश स्कूल, होली चाइल्ड एकेडमी क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठनों ने 78वें स्वतंत्रता दिवस का झंडा अलग-अलग फहराया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों ने रैलियां निकालीं और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, छात्रों ने विभिन्न देशभक्ति गीतों और नृत्यों का प्रदर्शन किया। मौजा विकास अध्यक्ष श्यामाचरण ठाकुरिया ने नगरबेड़ा क्षेत्रीय मौजा विकास समिति द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद क्षेत्र का नाम रोशन किए जाने वाले छात्रों सहित कई लोगों को विशेष रूप से गामोछा, शराई और सम्मान-पत्र आदि से सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा दक्षिण बरपेटा जिले के कोई शिक्षा संस्थानों जैसे नवदीप अकादमी आलोपति, डॉ. जाकिर हुसैन हायर सेकेंडरी स्कूल, इकरा नेसनेल स्कूल, आलोपति छात्र संघ, आलोपति चर थाना, चर ज्योती शिशु निकेतन, बाघमारा चर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ज्ञान दीप अकादमी आदि पर विभिन्न स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनाते हैं। **गुवाहाटी** हमारी संवाददाता के अनुसार फैंसी बाजार एमएस रोड के सेंट्रल प्लाजा में स्थित श्री मारवाड़ी हिंदी पुस्तकालय के सभागार में मुख्य अतिथि पार्षद प्रमोद स्वामी ने झंडोत्तोलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर उनके साथ पुस्तकालय के अध्यक्ष रवि अजीत सरिया, ट्रस्टी अध्यक्ष आनंद पोद्दार, सचिव अशोक सिवोटिया, कार्यक्रम संयोजक कमल सिकरीया भी उपस्थित थे। अध्यक्ष रवि अजितसरीया एवं ट्रस्टी अध्यक्ष आनंद पोद्दार के स्वागत भाषण के पश्चात पूर्व अध्यक्ष नारायण खाखोलिया व साहित्य प्रकाशक घनश्याम लड़िया, सिद्धार्थ नवलगडीया ने भी अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम के संयोजक कमल सिकरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में बाल कलाकार कनिष्क चौधरी ने माउथ ऑर्गन पर देशभक्ति की धुन बजाकर सबको आकर्षित कर लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ज्योति बैंगनी द्वारा पेंसिल से बनाई गई कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों के चित्र प्रदर्शनी रही। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमोद स्वामी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कई सदस्यों ने देशभक्ति कविता व गीत का पठन किया। पुस्तकालय के सचिव अशोक सिवोटीया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

संपादकीय

## जलवायु अनुकूल फसलें

**यह** तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से हमारी खाद्य श्रृंखला को खतरा पैदा हो गया है। मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है। इस बाबत सरकार का कहना है कि अधिक पैदावार वाली गेहूं के बीजों की किस्मों को सफलता पूर्वक तैयार करने के बाद जलवायु प्रतिरोधी बीजों के साथ धान का रकबा बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। निस्संदेह, इस विकट पर्यावरणीय चुनौती का मुकाबला हम निरंतर स्वदेशी समाधानों के जरिये ही कर सकते हैं। जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जा रही है। निस्संदेह, देश में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की कोई कमी नहीं है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाए। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से कृषि उत्पादन को संरक्षण देने और किसानों के हितों की रक्षा के लिये संसाधनों का बेहतर उपयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही जल स्रोतों का संरक्षण, वन क्षेत्र की रक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं के जरिये भूमि की उर्वरता बढ़ाने का उपक्रम भी करने की दरकार है। हमें खेती में कृत्रिम खादों के उपयोग में भी संयम बरतना चाहिये। इसी कड़ी में फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम को भी गति देने की आवश्यकता है। इसके लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। यह सुखद है कि देश के कई राज्यों में व्यापक पैमाने पर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन इस कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी बनाया जाना चाहिये। इस दिशा में प्रोत्साहन योजनाएं किसानों का जैविक खेती अपनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। एक तथ्य यह भी कि इस दिशा में नई प्रौद्योगिकी तैयार कर लेने मात्र से ही समस्या का समाधान संभव नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वैज्ञानिक अनुसंधानों को खेतों तक पहुंचाया जाए। किसान सहजता से उनका उपयोग करते हुए फसलों के संरक्षण को गति दे सके। दरअसल, किसान को व्यावहारिक रूप से संतुष्ट करना जरूरी भी है कि उसके लिये वास्तव में क्या उपयोगी है। देश में किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिये देशव्यापी सहमति बनाने की जरूरत है। इसके लिये आधुनिक अनुसंधान के साथ ही अनुभवजन्य अध्ययन को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सही मायनों में इन प्रयासों को गति देने के लिये अनुसंधान हेतु पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने तथा खेती के लिये उपयोगी निष्कर्षों को किसानों तक पहुंचाने की भी जरूरत है। लगातार भयावह होते परिदृश्य में इस चुनौती को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में शामिल करने की आवश्यकता है। इस हकीकत को जानते हुए कि हम दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश हैं। एक बड़ी आबादी की सामाजिक सुरक्षा के लिये तमाम खाद्यान्न योजनाएं सरकारी अन्न भंडारों के जरिये चलायी जा रही हैं। जिसकी पूर्ति खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाकर ही की जा सकती है। यह तभी संभव है जब हमारी कृषि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का मुकाबला करने में सक्षम हो।

मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है।

### संसद के मंदिर में जातीय गणना की मांग कर रहे हैं, वे अपनी जाति बताने में अपमान के अनुभव का ढोंग कर रहे हैं

# राहुल का अनर्गल प्रलाप बढ़ा रहा है जातीय विभाजन

प्रमोद भार्गव

आजकल लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अनर्गल प्रलाप करते हुए, जातीय विभाजन को हवा देने का काम कर रहे है। एक तरफ तो वे पुरजोरी से जातिगत गणना कराने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष किया कि 'जिनकी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की बात करते है।' निशाने पर बैठे इस तीर ने 'जाति' के मुद्दे पर राहुल को आहत कर दिया।

**समग्र** भारतीय समाज की यह विडंबना रही है कि मुद्दा कोई भी हो जाति उभरकर आ जाती है। आजकल लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अनर्गल प्रलाप करते हुए, जातीय विभाजन को हवा देने का काम कर रहे है। एक तरफ तो वे पुरजोरी से जातिगत गणना कराने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष किया कि 'जिनकी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की बात करते है।' निशाने पर बैठे इस तीर ने 'जाति' के मुद्दे पर राहुल को आहत कर दिया। अब वे और अखिलेश यादव पूछ रहे हैं कि 'सदन में जाति कैसे पूछी गई ?' इसे अपमान की असंसदीय भाषा बता रहे है। यह बात सोच से परे है कि जो लोग संसद के मंदिर में जातीय गणना की मांग कर रहे हैं, वे अपनी जाति बताने में अपमान के अनुभव का ढोंग कर रहे हैं। जबकि यही राहुल देष में आम बजट पेष करने से पहले परंपरा बन चुके 'हलवा उत्सव' के समय पूछ रहे थे कि इसमें षामिल अधिकारियों की जाति क्या है। यह भी कह रहे थे कि इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधीकारी षामिल थे या नहीं। जाति पूछने का जो सवाल राहुल को गाली लगा, क्या इन अधिकारियों को नहीं लगा होगा ? बहरहाल जातीय कुचक्र को बढ़ावा देने की संसद में यह स्थिति देष की संवैधानिक व्यवस्था के लिए बड़ा संकट बनकर पेष आ सकती है।

डॉक्टर आंबेडकर ने भारतीय समाज की इस भेदभाव से जुड़ी बुराई को पहले ही समझ लिया था। इसीलिए उन्होंने जातिविहिन समाज के निमर्ण की कल्पना की थी। डॉक्टर राममनोहर लोहिया ने भी जाति तोड़ों अभियान चलाया था। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भगवत को कहना पड़ा है कि 'भेदभाव पैदा करने वाली 'वर्ण' और 'जाति' जैसी हर व्यवस्था निर्मूल करने की जरूरत है।' दरअसल सामाजिक समानता भारतीय परंपरा का हिस्सा रही है। लेकिन इसे भुला दिया गया। नतीजतन घातक परिणाम सामने आए। वर्ण और जाति व्यवस्था वैदिक कालखंड में जातीय भेदभाव से दूर थी। किंतु आजादी के 75 साल बाद वह



कांग्रेस जो आजादी दिलाने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करने का दावा करती है, वह अब जातीय विभाजन को हवा देकर देष की अखंडता को खतरा पैदा करने की बात कर रही है। हालांकि जाति के स्तर पर छुआछूत तेजी से खत्म हुआ है। स्त्रियों में आर्थिक स्वावलंबन बढ़ने से अंतरजातीय विवाह भी बढ़े हैं। उच्च वर्ण के माने जाने वाले ब्राह्मण, क्षत्रीय और वैष्य की संतानें पिछड़े, दलित और जनजाति की संतानों से विवाह-बंधन में बंध रहे हैं। इन विवाहों को सामाजिक स्वीकार्यता मिलने लगी है। आमंत्रण-पत्र में छोटी या बड़ी जाति को प्रस्तुत करने का भेद खत्म हो गया है। अलबत्ता कई क्षेत्रों में आरक्षण के लाभ की सुविधा के चलते जाति व्यवस्था कमजोर होने के बाबजूद कायम है।

जाति तो नहीं लेकिन वर्ण की पहचान ऋग्वेद की कतिपय ऋचाओं में मिलती है। हालांकि इसे प्रकृति और पुरुष में समानता का दर्जा देते हुए उल्लेखित किया गया है। कहा है, अखिल ब्रह्मांड एक महामानव अथवा विराट पुरुष है। इस पुरुष का नेत्र सूर्य, मन चंद्रमा, कान और प्राण वायु हैं, मुख अग्नि, नाभि अंतरिक्ष, मस्तक आसमान और उसके पैर पृथ्वी हैं। कालांतर में इसी विराट पुरुश को चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित कर दिया। अर्थात मुख से ब्रह्मांड, बाजुओं से क्षत्रिय, जंघाओं से वैश्य और पैरों से शूद्रों की उत्पत्ति मान ली गई। इन्हें ही चातुर्वर्ण्य-व्यवस्था का आधार मान लिया। साफ है, ऋग्वेद में जाति कहीं नहीं है। अतएव बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था कैसे आई, इसकी तह में जाना मुष्किल है। इसीलिए संत रविदास के यह कहने के बावजूद कि 'ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन, पूजिए चरण चंडाल के जो होवे गुण प्रवीण'।

बावजूद जातीय संरचना अपनी जगह हजारों साल से बदस्तूर है। मुस्लिम समाज में भी जाति-प्रथा पर पर्दा डला हुआ है। आभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बनाए रखना चाहता है, जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परंतु इनकी जनगणना में भी पहचान का आधार धर्म और लिंग है। षायद इसीलिए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि 'जाति ब्राह्मणवादी व्यवस्था का कुछ ऐसा दुष्चक्र है कि हर जाति को अपनी जाति से छोटी जाति मिल जाती है। यह ब्राह्मणवाद नहीं है, बल्कि पूरी की पूरी एक साइकिल है। अगर यह जातिचक्र एक सीधी रेखा में होता तो इसे तोड़ा जा सकता था। यह वर्तुलाकार है। इसका कोई अंत नहीं है। इससे मुक्ति का कोई उपाय नहीं है।' वैसे भी धर्म के बीज-संस्कार जिस तरह से हमारे बाल अवचेतन में, जन्मजात संस्कारों के रूप में बो दिए जाते हैं, कमोबेश उसी स्थिति में जातीय संस्कार भी नादान उम्र में उड़ेल दिए जाते हैं। इस तथ्य को एकाएक नहीं नकारा जा सकता कि जाति एक चक्र है। यदि जाति चक्र न होती तो अब तक टूट गई होती। राहुल गांधी जैसे नेता इसकी गिरफ्त में न आते।

जाति पर जबरदस्त कुठारघात महाभारत काल के भौतिकवादी ऋषि चार्वाक ने किया था। उनका दर्शन था, 'इस अनंत संसार में कामदेव अलंध्य हैं। कुल में जब कामिनी ही मूल है तो जाति की परिकल्पना किसलिए ? इसलिए संकीर्ण योनि होने से भी जातियां दुष्ट, दूषित या दोषग्रस्त ही हैं, इस कारण जाति एवं धर्म को छोड़कर स्वेच्छाचार का आचरण करो।' गौतम बुद्ध ने जो राजसत्ता भगवान के नाम से चलाई जाती थी, उसे धर्म से पृथक किया। बुद्ध धर्म, जाति और वर्णाश्रित राज व्यवस्था को तोड़कर समग्र भारतीय नागरिक समाज के लिए समान आचार संहिता प्रयोग में लाए। चाणक्य ने जन्म और जातिगत श्रेष्ठता को तिलांजलि देते हुए व्यक्तिगत योग्यता को मान्यता दी।

दृष्टि कोण

# सतत निगरानी व तकनीक रोकेगी स्कूल बस हादसे बच्चों को सुरक्षित परिवहन

**कहना** कठिन है कि कितने लोगों को 18 नवम्बर, 1997 की वो स्याह सुबह याद है जब बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस दिल्ली में वजीराबाद पुल से यमुना नदी में गिरी थी। दर्दनाक हादसे में 28 बच्चों की मृत्यु हुई व 62 बच्चे तथा स्टाफ घायल हुए। बस में 6 से 14 वर्ष आयु के 112 बच्चे सवार थे। हृदय विदारक दुर्घटना के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ मामले में दिसंबर, 1997 में ही स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन और प्रबंधन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। जिसमें स्कूल बसों की गति सीमा निर्धारण हेतु स्पीड गवर्नर लगाने, बसों का नियमित रखरखाव-निरीक्षण, चालकों के लिए पांच वर्ष का अनुभव, नियमित प्रशिक्षण व स्वास्थ्य जांच, बसों में प्राथमिक चिकित्सा किट व बच्चों के बैठने की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई। कोर्ट के दिशा-निर्देशों के बाद स्कूली बसों को सुरक्षित बनाने हेतु सम्भवतः पहली बार गंभीर प्रयास हुए। लेकिन इसके बावजूद स्कूल बस दुर्घटनाएं चिंताजनक रूप से अक्सर हुई। वर्ष 2015 में पंजाब के मोगा में स्कूल बस के ट्रक से टकराने से 12 बच्चों की मृत्यु हुई। वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में स्कूल बस के गहरी खाई में गिरने से चालक और 2 शिक्षकों सहित 23 बच्चों की मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 में ही उ.प्र. के एटा में स्कूल बस के ट्रक से टकराने से करीब 24 बच्चों की मृत्यु हुई। वर्ष 2019 में उ.प्र. के कुशीनगर में मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से टकराने से बस में सवार 13 बच्चों की मृत्यु हुई। इसी साल 11 अप्रैल को हरियाणा के महेन्द्रगढ़ में कनीना क्षेत्र स्थित जी.एल. पब्लिक स्कूल बस चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही से चलाने से बस पलट गई। हादसे में 6 छात्रों की मृत्यु हुई तथा 32 घायल हुए। चालक नशे में था। पहले भी इस बाबत स्कूल प्रशासन को सचेत करने पर भी अनदेखी से दुखद हादसा हो गया।

दरअसल, दुर्घटनाओं का मुख्य कारण स्कूल बसों का समुचित रखरखाव न होना, बस चालकों का लापरवाही से तेज गति व नशे में गाड़ी चलाना रहा है। हाल ही में हिसार में एक स्कूल बस ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई, महेन्द्रगढ़ में एक स्कूल बस का पिछला टायर निकल गया तथा फरीदाबाद में स्कूल वैन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे बताते हैं कि बसों के रख-रखाव को गम्भीरता से नहीं लिया जाता। बस चालकों में अनुशासन व आवश्यक प्रशिक्षण का अभाव, क्षमता से अधिक छात्रों को ले जाना, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा बसों में सीट-बेल्ट न पहनना व आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सुरक्षा साधन न होना भी दुर्घटनाओं के कारण हैं।

भारत में स्कूल बस को ट्रांसपोर्ट वाहन माना गया है। सुरक्षित संचालन हेतु प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में दिये गये हैं। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 बसों के लिए विशिष्ट सुरक्षा उपायों को अनिवार्य करते हैं। जैसे गति को 60 कि.मी. प्रति घंटा सीमित करने हेतु स्पीड गवर्नर लगाना, खिड़कियों पर लोहे की ग्रिल और आपातकालीन निकास की आवश्यकता है। राज्य सरकारों व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भी स्कूल परिवहन हेतु व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें बसों का नियमित फिटनेस प्रमाणन, ड्राइवरों की साख का सत्यापन व उचित प्रशिक्षण, सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की निगरानी हेतु स्कूलों द्वारा परिवहन समितियां बनाने व बच्चों की सहायता हेतु परिचालक का मौजूद होना शामिल है।

वर्ष 2009 में जसबीर सिंह, उपाध्यक्ष, मानव सेवा मिशन, लुधियाना ने स्कूली बसों की दुर्घटनाओं में हुई मौतों के मुद्दे को उठाया। इसका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया तथा इसे तत्काल रिट याचिका सीडब्ल्यूपी नं. 6907/2009 के रूप में पंजीकृत किया। उच्च न्यायालय द्वारा पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ को स्कूली वाहनों की सुरक्षा हेतु पॉलिसी बनाने के लिए निर्देश दिए। फलतः वर्ष 2014 में हरियाणा सरकार द्वारा 'सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी' बनाई गई। इसके अंतर्गत नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश, जिला व उपमण्डल स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समितियां बनाने का प्रावधान किया गया। अब हरियाणा सरकार ने मौजूदा 'सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी' में सुधार करने के लिए कुछ संशोधन प्रस्तावित किए हैं। मसौदे के अनुसार, स्कूल प्रबंधन वर्ष में दो बार शपथ पत्र के माध्यम से 'स्व-प्रमाणन' प्रस्तुत करेगा। स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी कि वह छात्रों और छात्रों के अभिभावकों से ड्राइवर/कंडक्टर/अटेंडेंट के आचरण के बारे में समय-समय पर फीडबैक ले और उसका रिकॉर्ड बनाए।

विदेशों में स्कूल बस सुरक्षा हेतु विभिन्न रणनीतियों लागू हैं। अमेरिका स्कूल बसों हेतु विशिष्ट डिजाइन मानकों को अनिवार्य करता है। अमेरिका-आस्ट्रेलिया में स्कूल बसों में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। सुरक्षा हेतु वार्षिक जागरूकता सप्ताह, ओवरलोडिंग के लिए जीरो टॉलरेंस, यू.के. में बस ड्राइवर की निगरानी व छात्रों की सुरक्षा हेतु बसों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य हैं। चालक के लाइसेंस हेतु कड़े नियम हैं।

कुछ अलग

## हमदर्दी भी है दवा

**गाहे-बगाहे** सख्त फैसलों से नीति-नियंताओं को आईना दिखाने वाले देश के मुख्य न्यायाधीश आम आदमी के प्रति कितने गंभीर और संवेदनशील हैं, बीते शनिवार उनकी टिप्पणी से यह उजागर हुआ। चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सा व शोध संस्थान पीजीआई के 37वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने जो कहा वह पूरी चिकित्सा बिरादरी के लिये आत्ममंथन को बाध्य करता है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि उनके लिये मरीज सिर्फ एक केस नहीं हो सकता। मरीजों को आपके स्नेह व दयालुता की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी कि चिकित्सा पेश की आपकी विशेषज्ञता की। उन्होंने चिकित्सा के पेशे में आने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि वे मरीजों के साथ स्नेह का रिश्ता बनाएं ताकि वे अपना दर्द-रोग खुलकर बता सकें। उन्होंने बॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का उल्लेख इस संदर्भ में किया कि फिल्म का नायक संवेदना, सहजता व प्रेरक शब्दों के जरिये मरीजों का उपचार करता था। इस तरह जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों को चिकित्सा पेशे में निहित सहानुभूति से उपचार के महत्व का अहसास कराया। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि कैसे मुन्ना भाई बच्चों के वार्ड में बीमारी से जूझ रहे बच्चों को 'जादू की झप्पी' से भला-चंगा करने का अभिनव प्रयास करते थे। उन्होंने युवा डॉक्टरों से मरीजों के साथ संवेदनशील व अपनेपन का रिश्ता बनाने की बात कही। जिसका मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों के उपचार में सकारात्मक प्रभाव नजर आता है। इन तथ्यों को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में भी स्वीकार किया जाता है। निश्चित रूप से मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने चिकित्सा बिरादरी को इस पवित्र पेशे के सनातन मूल्यों से रूबरू कराया। उन्होंने इस बात का अहसास कराया कि एक मरीज के लिये मीठे व हमदर्दी के बोल उपचार का भी काम करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने न्यायिक व्यवस्था के वास्तविक लक्ष्यों का भी जिक्र किया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों से कहा कि कानून व चिकित्सकों का पेशा एक जैसा ही है। जैसे किसी वादी को न्याय देने के लिये हमें जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों की जरूरत होती है, उसी तरह चिकित्सा के पेशे में मरीज की जांच रिपोर्ट सही उपचार में निर्णायक होती है। लेकिन इन दोनों पेशों का अंतिम मकसद जनता की सेवा ही है। दोनों व्यवसायों में आम आदमी के साथ न्याय व कल्याणकारी उपचार हेतु ही कार्य किया जाना चाहिए। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत के मुखिया ने बेहद सहजता व साफगोई से चिकित्सा पेशे के मर्म व पेशागत मूल्यों से नवोदित चिकित्सकों का साक्षात्कार कराया। निस्संदेह, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व हमदर्दी की इसी सोच के चलते डॉक्टरों को दूसरा भगवान भी कहा जाता है। इस विश्वास का घोर व्यावसायिक कारणों से क्षरण महसूस किया जाता रहा है। यह भी हकीकत है कि पीजीआई जैसे चिकित्सा संस्थानों में कई राज्यों के मरीजों के भारी दबाव का चिकित्सकों की कार्यशैली पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन पेशागत अहसासों के चलते मरीज उनसे मधुर व हमदर्दी के व्यवहार की उम्मीद हरदम करते हैं। जिसका जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन के जरिये बखूबी अहसास कराया है।

देश दुनीया से

# आजादी के सही मायने की तलाश में

सफेद सूट पर तिरंगे में रंगा दुपट्टा या परना ओढ़ कर तिरंगा झंडा लहराते हैं, स्पीकर पर देशभक्ति के फिल्मी गीत बजाते हैं। देश भक्ति के गीतों पर हो हल्ला मचाते हैं। ओह! एक जरूरी बात तो रह ही गई कि इन सबकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर अपना स्टेटस बनाते हैं। क्या वाकई बस, इतना भर ही है आजादी का मतलब और उसे मनाने का पर्व, या इससे आगे भी और बहुत कुछ है? है तो क्या हम भूलते जा रहे हैं? और फिर अगले दिन जब छोटे-छोटे तिरंगे यहां-वहां सडक़ों पर, कूड़े के ढेरों के आसपास गिरे पड़े दिखते हैं तो कई बार खुद से ही पूछना पड़ता है कि क्या हम उस आजादी को समझ पाए हैं जिसके लिए हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे, वो आजादी जिसके लिए आज भी हमारे वीर जवान सरहद पर तैनात हैं और हंसकर अपने सीने पर गोली खाकर भी वंदे मातरम्का जयघोष करते हैं।

**चलो** स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं, सफेद सूट पर तिरंगे में रंगा दुपट्टा या परना ओढ़ कर तिरंगा झंडा लहराते हैं, स्पीकर पर देशभक्ति के फिल्मी गीत बजाते हैं। देश भक्ति के गीतों पर हो हल्ला मचाते हैं। ओह! एक जरूरी बात तो रह ही गई कि इन सबकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर अपना स्टेटस बनाते हैं। क्या वाकई बस, इतना भर ही है आजादी का मतलब और उसे मनाने का पर्व, या इससे आगे भी और बहुत कुछ है? है तो क्या हम भूलते जा रहे हैं? और फिर अगले दिन जब छोटे-छोटे तिरंगे यहां-वहां सडक़ों पर, कूड़े के ढेरों के आसपास गिरे पड़े दिखते हैं तो कई बार खुद से ही पूछना पड़ता है कि क्या हम उस आजादी को समझ पाए हैं जिसके लिए हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे, वो आजादी जिसके लिए आज भी हमारे वीर जवान सरहद पर तैनात हैं और हंसकर अपने सीने पर गोली खाकर भी वंदे मातरम्का जयघोष करते हैं। या कि आजादी का पर्व हमारे लिए मात्र मजाक बन कर रह गया है? सवाल वाजिब होने के साथ-साथ लाजिमी भी है, जो इस पर सोचा जाए तो। लेकिन इस बारे सोचना भी जरूरी है। और आगे तक इस बारे टाला नहीं जा सकता। क्या ये वाकई आजादी ही है जहां हम अपने अधिकारों की मांग करते हुए ट्रेन, बस, इमारतों को जलाते हुए अपने देश के बारे में न सोचकर केवल और केवल इतना भर सोचते हैं कि मुझे बस, मेरे हक की लड़ाई में जीत मिलनी चाहिए, बल्कि हक से ज्यादा ही मिलनी चाहिए और वो भी सबसे पहले। उस हक की लड़ाई में भले ही मेरा देश हार जाए तो हार जाए। मुझे मेरा हक मिले, पर मुझसे कोई मेरे फर्ज की बात न करे। जहां सारे हक तो मेरे हों, पर जब देश के प्रति फर्ज की या कुछ करने की बात आए, तो उसे व्यवस्था का हवाला देकर सरकार या किसी और की तरफ घुमाया जा सके। अजीब लगता है जब हम अपने अधिकारों की बात कर कत्र्तव्यों को भूल जाते हैं। क्या हमने केवल अधिकारों के लिए आजादी पाई है? क्या केवल अपने अधिकारों की जंग लडऩा ही आजादी है? क्या हुआ अगर मेरे देश का आम नागरिक बिल्कुल हाशिए पर धकेल दिया गया है और उसकी हालत दिन पर दिन बद से बदतर होती जा रही है। ये मेरे आजाद देश का वो तबका है जिसकी वोट से लोग सत्ता के मजे लेते हुए उसे ही भूल जाते हैं क्योंकि वो और उसका वोट है भी तो इतना सस्ता कि जिसे कुछ झूठे प्रलोभनों, कुछ पैसों, कुछ कागजी स्कीमों और कई बार तो कुछ बोतलों में भी मजे से खरीदा जा सकता है। जिस लोकतंत्र में लोक मुखिया होना चाहिए, उसी लोकतंत्र में सरकार बनते ही लोक हाशिए पर चला जाता है, आखिर क्यों? कुछ अपवादों को छोड दें तो आज की राजनीति में जनता की सेवा की जगह जनता को लूटने ने ले ली है और अफसर अपनी बेलगाम अफसरशाही के अंधेरे कमरों में बंद हो रहे हैं। ऐसे में हम कहां हैं, देश कहां है और आजादी कहां? और ये जो देशभक्ति की बड़ी बड़ी बातें हो रही हैं, ऐसे में इनका अर्थ क्या रह जाता है? एक ओर जहां आम आदमी को उत्पीडऩ और अन्याय से बचाने के लिए बनाए गए पुलिस और न्याय मंदिरों से ही हो रहे उत्पीडऩ की खबरें गाहे बगाहे मीडिया की सुर्खियां बनती रहती हैं तो वहीं दूसरी ओर सरकारी दफ्तरों में फैला भ्रष्टाचार एक दर्दनाक प्यारा हादसा होकर रह गया है। ईमानदारी और कर्मठता के लिए मिलने वाले ईनाम पाने के लिए लगाई जाने वाली बेईमानी और भ्रष्टाचार की दौड़ भी पूरी तरह से हमारी व्यवस्था का हिस्सा बन गई है। रिश्तों में घुली मतलब की बयार आपसी संबंधों को आज कमजोर बना रही है। ऐसा भी नहीं है कि हमने इतने सालो में कुछ भी अच्छा नहीं किया। हम कई क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं, हम अंतरिक्ष की यात्रा कर आए हैं। और ये सब हम देशवाशियों की दिन-रात की मेहनत, देश के प्रति कुछ कर गुजरने के जज्बे और कुशल नेतृत्व का ही कमाल है। परंतु हम इस बात को भी नजरअंदाज तो नहीं कर सकते कि पल-पल गरीब-अमीर के बीच खाई और चौड़ी होती जा रही है। हम लाख कोशिशों के बाद भी इस सत्य से मुंह नहीं मोड़ सकते कि जात-बिरादरी-धर्म-मतलबों, मजहबों में बंटे हुए समाज में रहना दिन-दिन दूभर होता जा रहा है। हम इसे भी अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि भाषा, जाति, नस्ल और ऐसे ही अन्य मुद्दों पर धर्मनिरपेक्षता के नाम पर लड़ते रहें। किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यकता होती है कंधे से कंधा मिला कर चलने की। संकीर्ण जातीय, सांप्रदायिक, लैंगिक, भाषायी मतभेदों और निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर आपस में मिलकर रहने की वैचारिक-राजनीतिक इच्छाशक्ति की। आपसी सद्भाव और प्यार की, देश के प्रति सच्चे लगाव की। सिर्फ कोरी जुबान से नहीं, अपितु मन की गहराइयों से इसकी माटी और भूमि को मां मानने और उसी मां के प्रति होने वाले लगाव, प्यार और चिंता के भाव की। देश को भी प्रगति और समृद्धि के पथ पर ले जाने के सपनों और संकल्पों की और उन सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर तरह से समर्पित होने की।

आप का नजरीया

## तिनकों की दाढ़ी

**झुन्नू** लाल अपने आंगन में ज़ोर-ज़ोर से गा रहे थे, 'चोर की दाढ़ी रहती, तिनकों की भरमार। कुछ तो जिह्वा से झरें, कुछ पैरों की मार।' अपने कौतुहल को रोक पाने में असमर्थ रहने पर मैं अपनी छत से उतर कर उनके घर जा पहुंचा। मुझे देखते ही वह चहकते हुए बोले, 'आओ महारथी! तुम्हारा ही इंतज़ार था। मैं बोला कि मैंने तो चोर की दाढ़ी में तिनका ही सुना था। पर आप चोर की दाढ़ी में तिनकों की भरमार बता रहे हैं। मामला क्या है?' वह हंसते हुए बोले, 'अब इस दोहे को भी बदलने का समय आ गया है। अब दाढ़ी में तिनकों की भरमार नहीं। लोगों की दाढ़ी ही तिनकों वाली हो गई है। उनका अंग-अंग तिनकों से भरा रहता है। अगर ऐसा नहीं होता तो भारत का खेल मंत्री संसद में बिना पूछे ही वजऩ के कारण महिला कुश्ती के फाइनल में अयोग्य ठहराई गई विनेश फोगाट के ऊपर सरकार द्वारा ख़र्च की गई राशि का ब्यौरा क्यों देता।' मैं बोला कि कमाल है अगर सरकार किसी खिलाड़ी के ऊपर ख़र्च करे तो क्या वह उसका एहसान भी न जतलाए। झुन्नू लाल तमकते हुए बोले, 'किसी मंत्री या प्रधान सेवक के बाप का पैसा है। टैक्स पेयर का पैसा है। हम जो अपनी तनख्वाह का कऱीब पचपन परसेंट टैक्स भर रहे हैं, उसी के बल पर यह सभी माननीय ऐश कर रहे हैं। कभी किसी मंत्री ने संसद में बताया कि सरकारी ख़र्चे पर जो चुनावी रैलियां आयोजित होती हैं, उस पर कितना ख़र्च आता है या खेल मंत्री ने संसद में बताया कि गुजरात से जो दो सूरमा ओलिम्पक्स से ख़ाली हाथ बजाते हुए वापिस लौटे, उन पर सरकार के कितना ख़र्च किया। तुम एहसान की बात करते हो। तुम्हारे प्रधान सेवक ने गुजरात के अपने दोनों खिलाडय़ों को ओलिम्पक्स में जाने से पहले ही कहा था कि तुम दोनों खेल भावना से खेलना। सोना लाने की चिंता मत करना। सोने के लिए हम जो हैं। पिछले दस सालों से देश की समस्याओं पर चद्दर तान कर सो ही तो रहे हैं। बस तुम तो यह ख्याल रखना कि तुम्हारे जीतने से किसी दूसरे देश के खिलाड़ी की भावनाएं आहत न हों। जब अपने देश में कोई खेलने आए तो अतिथि देवो भवः का ध्यान रखना और कहीं बाहर खेलो तो किसी मेजबान का दिल मत दुखाना। हमारे लिए हार-जीत मायने नहीं रखती। खेल मायने रखता है। लेकिन खेल वही, जो हम खेलते हैं। जहां खेल भी हमारा होता है और शर्तें भी हमारी। फिर चाहे संसद हो, चुनाव आयोग हो, संवैधानिक संस्थाएं या फिर आम जनता। सरकारों को गिराना हो या उनकी खऱीद-ओ-फरोख्त। खेल हमीं खेलते हैं। देखो हमारी पार्टी की सरकार में दूसरी पार्टियों के खऱीदे हुए कितने नेता सांसद हैं। अगर वह न होते तो हम डेढ़ सौ तक भी नहीं पहुंचते। फिर हमारा चुनाव आयोग का खेल देखो। अगर हम चुनाव में नहीं खेलते तो आज पचास भी न होते। हमने खेल को खेल ही नहीं रखा। उसे कला का दरजा दिया है। गुजरात के दो खिलाडिय़ों ने पूरे देश में तहलका मचा दिया है। अगर हमारे खिलाड़ी हमारी तरह खेलें तो हर ओलिम्पक्स के कम से कम आधे गोल्ड हमारे हों।

# अटल जी के मूल्य व सिद्धांत सदैव प्रेरणा देते रहेंगे : योगी आदित्यनाथ



लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर लोकभवन में अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति में अजातशत्रु के रूप में एक सर्वमान्य चेहरे के रूप में अटल जी की पहचान थी। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम किया। योगी ने कहा कि अटल जी की कविताएं उनकी स्मृतियां भारतीय राजनीति के लिए उनके मूल्य व सिद्धांत सदैव एक नई प्रेरणा देती रहेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता की ओर से उत्तर प्रदेश शासन की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी का पैतृक गांव वह बटेश्वर है। उन्होंने उच्च शिक्षा कानपुर में रहकर पूरी की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वह उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा लेने के बाद राष्ट्रधर्म और अन्य विचार परिवार के साथ जुड़कर एक लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई। डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सानिध्य में उन्होंने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की। लखनऊ संसदीय क्षेत्र का उन्होंने लगातार पांच बार संसद में प्रतिनिधित्व किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण का माडल कैसा होना चाहिए। ग्रामीण भारत में विकास का माडल क्या होना चाहिए। अन्त्योदय की योजना को उन्होंने गरीबों तक पहुंचाने का काम किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि अटल एक व्यक्ति नहीं विचार हैं, अटल एक जीवन नहीं संस्कार हैं। राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए हमेशा स्मरण किया जायेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा, पूर्व मंत्री डा. महेन्द्र सिंह, एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल, मुकेश शर्मा, विधायक डा.नीरज बोरा व महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# देश की आजादी में रानी अवंतीबाई का बड़ा योगदान : अखिलेश यादव



लखनऊ, (हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को विधानसभा के सामने मौजूद रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रानी अवंती बाई का देश की आजादी में अहम और बहुत बड़ा बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। बाद में अंग्रेजों ने उनका सबकुछ छीन लिया था। अखिलेश ने कहा कि रानी अवंती बाई को देश-लोधी समाज सम्मान देता है। इस दौरान उप्र में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव होते रहना, डेमोक्रेसी को मजबूत करता है। उन्होंने चुनाव में जीत के लिए विधायकों की खरीद-फिरोख्त का बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई जगह विधायक को खरीदा जाता है और सरकार बनाई जाती है। ऐसा करने में काले धन का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में चुनाव होने से ज्यादा काले धन का इस्तेमाल को रोका जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी में जुमले उछालने वालों का एक दल बन गया है। बीजेपी अधिकारियों के माध्यम से चुनाव जीतना चाहती है। बीजेपी की शिकायत सपा चुनाव आयोग से करेगी। सपा अध्यक्ष ने महंगाई, रोजगार को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश से महंगाई कम हो, बेरोजगारों को रोजगार मिले ताकि देश का नौजवान तरक्की की राह पर चल सके और लोगों को राहत मिले। पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर की घटना को लेकर अखिलेश यादव बोले कि किसी भी घटना का बीजेपी राजनीतिकरण करती है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी महिला मुख्यमंत्री हैं वो कार्रवाई करेंगी। ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करना चाहिए। बीते दिनों राजधानी लखनऊ के गोमती नगर इलाके में बारिश से हुए जलभराव के दौरान हुई घटना को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सभी लोगों के नाम जारी करना चाहिये। उनके माता-पिता के भी नाम जारी करना चाहिए। मुख्यमंत्री सदन में गुस्से से बोल रहे थे कि बुलेट ट्रेन चलेगी, अब सबके नाम वह जारी करें और जो असल में दोषी हैं उन पर कार्रवाई करें।

# अरबी आयतों वाला तिरंगा लेकर चलने के आरोपित मुस्लिमों के खिलाफ मामला रद्द करने से इंकार

प्रयागराज, (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अरबी आयतें लिखा तिरंगा लेकर चलने वाले मुस्लिम समाज के व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसी घटनाओं का फायदा साम्प्रदायिक विवाद पैदा करने या विभिन्न समुदायों के बीच गलतफहमियां बढ़ाने के इच्छुक तत्वों द्वारा उठाया जा सकता है। हाईकोर्ट ने छह मुस्लिम व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मामले में कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया। मामले के अनुसार कथित तौर पर एक धार्मिक जुलूस में अरबी छंदों से अंकित तिरंगा लेकर आरोपित चल रहे थे। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने गुलामुद्दीन व 5 अन्य की याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह कृत्य प्रथमदृष्टया राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के समान है तथा अभियोजन पक्ष से सहमति जताते हुए उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम की धारा 2 का उल्लंघन है। याचियों के खिलाफ मुकदमा थाना जालौन, जिला जालौन में दर्ज कराया गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज धार्मिक, जातीय और सांस्कृतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता और विविधता का प्रतीक है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह भारत की सामूहिक पहचान और संप्रभुता का प्रतिनिधित्व करने वाला एक एकीकृत प्रतीक है। तिरंगे के प्रति अनादर का कृत्य दूरगामी सामाजिक सांस्कृतिक प्रभाव डाल सकता है। खासकर भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में।

ऐसी घटनाओं का फायदा साम्प्रदायिक कलह पैदा करने या विभिन्न समुदायों के बीच गलतफहमियों को बढ़ावा देने वाले तत्वों द्वारा उठाया जा सकता है। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि कुछ व्यक्तियों के कार्यों का उपयोग पूरे समुदाय को कलंकित करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। जालौन पुलिस ने पिछले साल आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कार्यवाही रद्द करने की मांग करते हुए दलील दी गई कि जांच से यह पता नहीं चला कि झंडा तिरंगा था या तीन रंगों वाला कोई और झंडा। यह भी तर्क दिया गया कि पुलिस ने रिकॉर्ड पर ऐसा कोई सबूत नहीं पेश किया जिससे पता चले कि राष्ट्रीय ध्वज को कोई नुकसान पहुँचाया गया था। इसके अलावा, यह भी आरोप लगाया गया कि पूरा मामला गढ़े गए तथ्यों पर आधारित था और गवाहों के बयान पुलिस द्वारा दबाव में लिए गए थे। हालाँकि, राज्य ने गवाहों के बयानों के आधार पर तर्क दिया कि यह पाया गया है कि तिरंगे पर अरबी में कुछ इस्लामी आयतें लिखी हुई थीं। न्यायालय ने कहा कि अभियुक्त द्वारा उठाए गए तर्क तथ्यों के ऐसे प्रश्नों पर निर्णय की मांग करते हैं जिन पर केवल ट्रायल कोर्ट द्वारा ही पर्याप्त रूप से निर्णय दिया जा सकता है। अदालत ने मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा कि तथ्यों के प्रश्नों पर निर्णय और साक्ष्य की सराहना या संस्करण की विश्वसनीयता धारा 482 सीआरपीसी के तहत अधिकार क्षेत्र के दायरे में नहीं आती है।

## राज्यपाल आनंदीबेन ने की आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की कामना

### -उप्र के राजभवन में हुआ सामूहिक रुद्राभिषेक



लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पेटल के अलावा राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर अनुष्ठान संपन्न कराया। देवाधिदेव महादेव को बेल पत्र, कमल पुष्प, दुर्वा,अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित कर गो दुग्ध और जल से रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक के बाद राज्यपाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत वहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से मिलकर उनके आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता,विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं अध्यासितगणों ने अपने परिजनों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन, हवन व आरती कर रुद्राभिषेक के अनुष्ठान में श्रद्धा व आस्था के साथ प्रतिभाग किया।

# कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर हादसों की रोकथाम के लिए आरटीओ ने की बड़ी कार्रवाई

**- हादसे की वजह बनने वाले भारी वाहनों के 107 चालकों के लाइसेंस निलम्बित**

हमीरपुर, (हि.स.)। जिले में कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में लगातार हो रहे एक्सीडेंट पर ब्रेक लगाने के लिए अब एआरटीओ ने एक्शन प्लान बनाया है। एक्सीडेंट करने वाले हैवी वाहनों के चालकों पर शिकंजा कसने के लिए आरटीओ विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अभी तक 107 चालकों के लाइसेंस निलम्बित कर उनके खिलाफ नोटिस जारी की गई हैं। एआरटीओ का मानना है कि यह कार्रवाई हाइवे में एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने में मील का पत्थर साबित होगी। कानपुर-सागर नेशनल हाइवे फोरलेन में तब्दील न होने के कारण लगातार एक्सीडेंट हो रहे हैं। ऐसा कोई ही दिन नहीं होगा जब हमीरपुर जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र से लेकर मौदहा कोतवाली क्षेत्र तक कोई न कोई वाहन हादसे का शिकार ना बनता हो। हर साल इस हाइवे में सैकड़ों लोगों की जाने जाती हैं। वहीं इससे अधिक लोग घायल भी होते हैं। पिछले एक दशक में कानपुर से लेकर महोबा तक सड़क हादसे में हजारों लोग अब तक जान गवां चुके हैं। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोग अपंग भी हुए हैं। सर्वाधिक हादसे हमीरपुर जिले के सुमेरपुर और मौदहा कोतवाली क्षेत्र में होते हैं। हादसों का ग्राफ नीचे लाने के लिए एआरटीओ और पुलिस ने कई बार पूर्व में अभियान चलाए, बावजूद एक्सीडेंट का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में सड़क हादसे के बढ़ते मामलों को लेकर पूर्व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने लोकसभा में मुद्दा उठाया था। उन्होंने संसद में कानपुर-सागर नेशनल हाइवे को फोरलेन बनाने की मांग की थी। लोकसभा में उन्होंने कहा था कि इस हाइवे में हादसों के कारण हजारों परिवार बर्बाद हो गए हैं। इतना ही नहीं, यहां के समाजसेवी और हिन्दु संगठनों ने भी इस हाइवे को खूनी हाइवे का नाम देकर कई दिनों तक विरोध किया था लेकिन आज तक इस हाइवे को फोरलेन में तब्दील नहीं किया जा सका। हमीरपुर के एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में हादसे की वजह बनने वाले वाहनों को चिन्हित करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हैवी वाहनों की चालकों के लाइसेंस भी रद्द होंगे।

**भारी वाहनों के 107 ड्राइबरों को नोटिसें जारी कर डिपार्टमेंट ने मांगा जवाब** - नेशनल हाइवे में एक्सीडेंट के मामले पर ब्रेक लगाने के लिए अब एआरटीओ ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि एक्सीडेंट की वजह बनने वाले 107 हैवी वाहनों के चालकों के लाइसेंस अभी तक निलम्बित कर दिए गए हैं। नोटिस का जवाब संतोषजनक न आने पर लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में 76 भारी वाहनों के चालक हमीरपुर के हैं। वहीं कानपुर नगर, सीतापुर, महोबा, बांदा व कानपुर देहात के अन्य चालक शामिल हैं।

# संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान और विज्ञान हमारे समाज की नींव : डा. दीपचन्द कश्यप




रांची, (हि.स.)। संस्कृत सप्ताह के पहले दिन शुक्रवार को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं संस्कृत भारती की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का उद्देश्य संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरुकता फैलाना और युवाओं को इस प्राचीन भाषा के महत्व से अवगत कराना था। शोभायात्रा में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, और संस्कृत प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान वैदिक मंत्रों का उच्चारण, श्लोक पाठ और विभिन्न संस्कृत स्तोत्रों का गायन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से संस्कृत भाषा और उसके महत्व को रेखांकित किया। शोभायात्रा के दौरान संस्कृत के प्रति समाज के विभिन्न वर्गों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से कई स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित की गईं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी की, जो संस्कृत के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा को दशार्ता है। यात्रा में कई बैनर और पोस्टर भी थे, जिनमें संस्कृत भाषा की महत्व को दशार्या गया था। अस्माकं भाषा संस्कृत भाषा, भारतस्य भाषा संस्कृत भाषा, वैज्ञानिक भाषा संस्कृत भाषा, संस्कृतरक्षा राष्ट्रसुरक्षा, पठामि संस्कृतं नित्यं वदामि संस्कृतं सदा, ग्रामे ग्रामे नगरे नगरे विलसतु संस्कृत वाणी जैसे नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया था। इस मौके पर संस्कृत भारती के प्रान्त मन्त्री डॉ. दीपचन्द कश्यप ने कहा कि संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान और विज्ञान हमारे समाज की नींव है। उन्होंने कहा कि संस्कृत का महत्व मात्र धार्मिक या दार्शनिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, गणित, चिकित्सा, और समाजशास्त्र जैसे क्षेत्रों में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्कृत सप्ताह एक ऐसा अवसर है, जो हमें इस भाषा के प्रति हमारे दायित्व का स्मरण कराता है। संस्कृत के प्रसार और इसके अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। झारखण्ड संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष डा. शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति, परंपरा और ज्ञान का मूल स्त्रोत है। इसमें निहित अद्वितीय ज्ञान और विज्ञान ने भारतीय सभ्यता को हजारों वर्षों से समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का प्रतीक है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डा. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने अपने सन्देश में कहा कि संस्कृत भाषा आत्म-साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त करती है। संस्कृत के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। संस्कृतभाषा हमें भारतीय ज्ञान परम्परा से जोड़ती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. राहुल कुमार, डा. श्रीमित्रा डा. जगदम्बा प्रसाद, आशीष कुमार महतो, रितेश कुमार, अमित मोहन, शिवम नारायण, आयुष, शुभम, सुरेन्द्र, तनु सिंह, खुशी, माधुरी सिंह, प्रतिमा चौहान, पूजा पाण्डेय आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद की पुत्री के निधन पर जताया शोक



रांची, (हि.स.)। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पूर्व सांसद (स्व.) सुनील महतो एवं पूर्व सांसद सुमन महतो की पुत्री अंकिता महतो के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दिवंगत अंकिता का पार्थिव शरीर शुक्रवार सुबह नई दिल्ली से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची लाया गया। यहां मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने अंकिता के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों का ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति एवं दुःख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना ईश्वर से की। अंकिता महतो का दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार सुबह 5.30 बजे निधन हो गया था। जानकारी के मुताबिक, अंकिता को पीलिया था। उल्टी की शिकायत के बाद उसे मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां अंकिता को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अंकिता दिल्ली में नौकरी करती थी। बेटी के निधन से पूरा परिवार सदमे में है। पूर्व सांसद हाल ही में छोटी बेटी अर्पिता के एडमिशन के लिए दिल्ली गई थीं।

# रांची विधानसभा में चार नए मतदान केंद्र बनाए गए



रांची, (हि.स.)। रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव को देखते हुए द्वितीय विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई। उन्हें कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए उनसे अपेक्षित सहयोग की मांग की। राजनीतिक दलों के जरिये यह सुझाव दिया गया कि लोगों को जागरूक करने के लिए वार्ड स्तर पर सभी मतदान केंद्रों पर बैठक आयोजित की जाए। दिए गए सुझावों पर लगातार, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के माध्यम से राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, पूर्व वार्ड पार्षद, गणमान्य लोगो की उपस्थिति में बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक का निरीक्षण निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी के जरिये किया जा रहा है। इस बैठक में लोगो को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, एवं स्थानांतरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। द्वितीय विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत, मतदान केंद्र के युक्तिकरण का कार्य भी किया गया हैं। इसके तहत रांची विधान सभा क्षेत्र के हाई राइज, हाउसिंग सोसाइटियों में विस्तृत सर्वेक्षण करते हुए चार नए मतदान केंद्र बनाए गए है। ये नए मतदान केंद्र उन अपार्टमेंट में बनाए गए है जहां सौ से अधिक फ्लैट अवस्थित हैं।

इनमें देवी मंडप रोड स्थित विश्वनाथन अपार्टमेंट, ओटीसी ग्राउंड के नजदीक स्थित आस्था रेसीडेंसी,पीपी कंपाउंड स्थित सहदेव टावर और खादगढ़ा स्थित आकांक्षा अपार्टमेंट, शामिल है। इन नए बूथ के निर्माण का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदान केंद मतदाताओं के लिए आसानी से सुलभ हो। साथ ही भीड़ तथा लंबे इंतजार के समय को कम किया जाए। नए मतदान केंद्र के निर्माण के जरिये मतदान प्रतिशत को बढ़ाते हुए मतदान के प्रति "शहरी उदासीनता" को दूर करने का प्रयास किया गया है। एसडीओ उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में इन चार नए मतदान केंद्रों में अपार्टमेंट के अध्यक्ष, सचिव एवं वहां के रहने वाले लोगो की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोगो को मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उनसे सहयोग की मांग की गई। साथ ही इन नए मतदान केंद्र में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के माध्यम से कैंप का आयोजन करते हुए लोगो का नाम जोड़ने एवं स्थानांतरण का कार्य किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से कुल 133 आवेदन प्राप्त हुए हैं। साथ ही साथ अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर 63 रांची विधान सभा क्षेत्र के सभी अपार्टमेंट में बीएलओ के माध्यम से शाम के 3 बजे से लेकर 5 बजे तक कैंप आयोजित करते हुए नए प्रपत्र 6, 7, 8, संग्रहित किया जा रहा है। अबतक तक 35 अपार्टमेंट में सफलतापूर्वक कैंपों का आयोजन किया जा चुका है। कैंप के माध्यम से कुल 207 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# जोगबनी में नवनिर्मित बस स्टैंड का सांसद विधायक ने किया शुभारंभ




अररिया (हि.स.)। सीमा क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत जोगबनी नगर परिषद में नवनिर्मित बस स्टैंड का विधिवत शुभारंभ सांसद प्रदीप कुमार सिंह और स्थानीय विधायक विद्यासागर केसरी के द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जोगबनी नगर परिषद की जनता को बस स्टैंड की सौगात देकर खुशी होने की बात करते हुए कहा कि अत्याधुनिक बस स्टैंड के बन जाने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। इस बस स्टैंड में में यात्रियों के बैठने से लेकर उनके ठहरने तक कि व्यवस्था की गयी है।जोगबनी में रेलवे की जमीन पर बस स्टैंड होने के कारण रेलवे का विकास और सौंदर्यीकरण बाधित था, अब इस समस्या से भी मुक्ति मिल चुकी है। जल्द ही इस बस स्टैंड को नगर परिषद को समर्पित कर दी जाएगी जिसके बाद यह यात्रियों को भी सुविधा प्रदान करेगा। फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी ने कहा कि जोगबनी भारत नेपाल सीमा क्षेत्र पर अवस्थित है।

जिसके कारण न केवल भारतीय क्षेत्र के लोग बल्कि नेपाल के भी लोग जोगबनी आते हैं और यहां से भारत के अन्य शहरों के लिए यात्रा करते हैं। ऐसे में यह अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित बस स्टैंड दोनों देशों के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। नवनिर्मित बस स्टैंड के शुभारंभ मौके पर फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी, जोगबनी नगर परिषद चेयरमैन रानी यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, फारबिसगंज नगर परिषद चेयरमैन वीणा देवी, भाजपा कोषाध्यक्ष रोहित यादव, प्रवक्ता राजन तिवारी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद व नगर विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# छठे पुण्यतिथि पर भाजयुमो ने याद किया भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयीजी को




अररिया (हि.स.)। अटल जी एक व्यक्ति नही बल्कि एक विचार है और उनका जीवन एक संस्कार है, जिन्होंने भारत को विश्व मानचित्र पर एक सदृढ़ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया। उक्त बातें भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने भाजयुमो नगर अध्यक्ष के अगुवाई में बूथ संख्या 151 पर आयोजित राजनीति के शिखर पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छठे पुण्यतिथि पर कार्यक्रम के दौरान कही।

विधानसभा प्रभारी कुमार ने कहा कि महामना अटल बिहारी वाजपेयी ने विचारधारा-सिद्धांतों व आदर्श पर आधारित अपनी राजनीति व राष्ट्र समर्पित जीवन से भारत में विकास, गरीब कल्याण और सुशासन के युग की शुरूआत कर देश को सामरिक और आर्थिक रूप से मजबूत किया और जन जन के प्रिय हो गये। अटल जी की कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्र सेवा हमारे लिये सदैव प्रेरणा का केंद्र रहेगी। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य विपुल सिंह, नगर उपाध्यक्ष आनंद कुमार, नगर महामंत्री अंचल सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धेय अटलजी भाजपा के पितृ पुरुष थे।

जो युगों युगों तक पार्टी कार्यकताओं के पथ प्रदर्शक और प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगें। जब भी राजनीतिक शुचिता सिद्धांतो के प्रति अडिगता की बात होगी, अटल जी को सदैव याद किया जाएगा।इस अवसर पर, नवीन केशरी राज वर्मा, अविनाश शर्मा, निहाल ठाकुर, राजेश राम, सहित अनेकों बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह बेऊर जेल से रिहा, समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह



पटना, (हि.स.)। बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को शुक्रवार सुबह पटना स्थित बेऊर जेल से रिहा कर दिया गया। अनंत सिंह की रिहाई से उनके परिवार और समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह है। अनंत सिंह की रिहाई को लेकर शुक्रवार अहले सुबह से बड़ी संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ता बेऊर जेल के बाहर जमे हुए थे। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल प्रशासन ने एंबुलेंस से उन्हें बाहर निकाला। सुबह पांच बजकर दस मिनट पर पूर्व विधायक अनंत सिंह जेल से बाहर निकले। अनंत सिंह के बेटे अंकित सिंह भी समर्थकों के साथ मौजूद थे। जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने उनका शाही स्वागत किया। सबने मिलकर पूर्व विधायक का शानदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। वे यहां से अपने गांव लदमा के लिए रवाना हो गए हैं। चर्चित एके-47 मामले में पटना हाई कोर्ट ने बुधवार को उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश दिया था। पटना के सिविल कोर्ट ने उन्हें इस मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी।

इसके बाद से वे बेऊर जेल में कैद थे। साथ ही उनकी विधानसभा की सदस्यता भी चली गई थी। अनंत सिंह 2016 से बेऊर जेल में बंद थे। अनंत सिंह को बरी किए जाने के बाद बिहार में जमकर राजनीति हो रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कई आरोप लगाए हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि उनके साथ (जदयू) अनंत सिंह नहीं थे तो अपराधी थे और अब अपराधी नहीं हैं। अब मुक्त हो गए। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार कहां किसी को फंसाते हैं और बचाते हैंङ्क यह तो देख लीजिए यह तो जगजाहिर हो गया।




# दुनिया की पहली सीएनजी बाइक बजाज की फ्रीडम 125 अब दिल्ली एनसीआर में भी उपलब्ध

नई दिल्ली।
बजाज फ्रीडम 125 बनी दुनिया की पहली सीएनजी सिलेंडर-इंटीग्रेटेड बाइक है। खुशी की बात ये है कि ये बाइक अब दिल्ली एनसीआर में भी उपलब्ध है। बता दें बाइक 5 जुलाई को लांच हुई थी और इसकी पहली डिलीवरी भी शुक्रवार 16 जुलाई को पूणे में हो चुकी है।

अगर बाइक क्षमता और रेंज की बात करें तब बजाज फ्रीडम 125 में 2 किलो सीएनजी सिलेंडर और 2 लीटर का ऑक्सिलियरी पेट्रोल टैंक है, जो इसकी रेंज को 330 किलोमीटर तक बढ़ाता है। यह पेट्रोल बाइक की तुलना में चलाने की लागत को लगभग 50 प्रतिशत तक कम कर देती है।

**फ्रीडम 125 में मोनो-लिंक्ड सस्पेंशन, लंबी और आरामदायक क्विल्टेड सीट, एलईडी हेडलाइट्स, डिजिटल स्पीडोमीटर और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं हैं**

बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट सारंग कनडे ने बताया कि ग्राहक की बढ़ती मांग को देखकर दिल्ली एनसीआर में भी लांच कर दिया है। उनका मोटिव ये है कि भारत इस नई तकनीक का फायदा ज्यादा से ज्यादा उठा सके। बाइक की विशेषताओं पर बात की जाए तब फ्रीडम 125 में मोनो-लिंक्ड सस्पेंशन, लंबी और आरामदायक क्विल्टेड सीट, एलईडी हेडलाइट्स, डिजिटल स्पीडोमीटर और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं हैं। इसके सीएनजी टैंक और किट की सुरक्षा की कड़ी जांच की जाती है। यह मोटरसाइकिल तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है, जिनकी शुरुआती कीमत 94,995 है। फ्रीडम 125 को पांच रंगों में लाया गया है, जिसमें एबोनी ब्लैक, कैरेबियन ब्लू, साइबर व्हाइट, रेसिंग रेड, और पैटू ग्रे शामिल हैं। बजाज ऑटो का लक्ष्य देश के हर कोने में फ्रीडम 125 की उपलब्धता बढ़ाना है, और यह मोटरसाइकिल पर्यावरण की सुरक्षा और ईंधन लागत की बचत में भी बहुत बड़ा योगदान करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### यूपीआई के नए फीचर में एक ही बैंक खाते से दो लोग कर सकते हैं भुगतान



मुंबई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई)प्लेटफॉर्म पर एक नया फीचर पेश किया है, जिससे ग्राहक अपने यूपीआई अकाउंट्स को दूसरों के साथ साझा कर सकेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई सर्कल डेलिगेट पेमेंट्स एक ऐसा फीचर है जिसमें यूपीआई अकाउंट का मास्टर एक्सेस अकाउंट होल्डर के पास रहता है लेकिन वह किसी और को भी भुगतान करने के लिए अकाउंट का एक्सेस दे सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के डिजिटल बैंकिंग संचालन के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि यह फीचर परिवार के सदस्यों या परिचितों को भुगतान करने का अधिकार सौंपने का एक नया तरीका है। इसके जरिए दो व्यक्ति एक ही बैंक खाते से यूपीआई भुगतान कर सकते हैं। इस फीचर के तहत प्राइमरी यूजर सेकेंडरी यूजर के लिए एक मेन्डेट बना सकता है। प्राइमरी यूजर सेकेंडरी यूजर को पूरी या आंशिक रूप से भुगतान करने का अधिकार दे सकता है। यदि पूरा अधिकार दिया जाता है, तो सेकेंडरी यूजर को प्राइमरी यूजर द्वारा निर्धारित राशि का सीधे भुगतान करने का अधिकार होगा। आंशिक अधिकार की स्थिति में, सेकेंडरी यूजर को हर लेनदेन के लिए प्राइमरी यूजर से अनुमति का अनुरोध करना होगा। प्राइमरी यूजर सेकेंडरी यूजर के लिए ट्रांजेक्शन लिमिट भी सेट कर सकता है। एनपीसीआई के मुताबिक पूरे अधिकार पर अधिकतम मासिक सीमा 15,000 रुपए होगी।

### टेक कंपनी सिस्को 6,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी




मुंबई। सिस्को अपने वैश्विक कार्यबल में 7 फीसदी की कटौती करने की योजना बना रही है। यह दूसरी बार है जब टेक कंपनी ने इस साल छंटनी की घोषणा की है। इससे पहले फरवरी में सिस्को ने करीब 4,000 कर्मचारियों की छंटनी की थी। इन दिनों कई कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। इसी कड़ी में सिस्को में भी छंटनी की योजना पर काम हो रहा है। कंपनी ने फाइलिंग में कहा कि सिस्को ने प्रमुख विकास अवसरों में निवेश करने और अपने व्यवसाय में अधिक दक्षता लाने के लिए एक पुनर्गठन योजना की घोषणा की है। इस पुनर्गठन योजना से सिस्को के वैश्विक कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।फाइलिंग में बताया गया है कि सिस्को छंटनी और अन्य उपायों के माध्यम से लागत में 1 बिलियन डॉलर की कटौती करने की योजना बना रहा है। इस प्रक्रिया में विच्छेद और अन्य एकमुश्त समाप्ति लाभ के साथ-साथ अतिरिक्त अन्य लागतें शामिल होंगी, जैसा कि कंपनी ने उल्लेख किया है, सिस्को को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में इन शुल्कों में से लगभग 700 मिलियन से 800 मिलियन की पहचान होगी और शेष राशि वित्त वर्ष 2025 के शेष समय के दौरान पहचानी जाने की उम्मीद है। टेक उद्योग ने 2024 में छंटनी की लहर देखी है। हाल ही में, इंटेल ने 15,000 नौकरियों में कटौती की घोषणा की, जबकि माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़ॅन और गूगल सहित बड़ी टेक कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती की है।

### रिलायंस की वायकॉम18 अपने कुछ टीवी चैनल कर सकती है बंद

मुंबई। रिलायंस की मीडिया कंपनी वायकॉक 18 अपने कुछ हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के चैनलों को बंद करने पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार वॉल्ट डिज्नी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने विलय प्रस्ताव के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी लेने हेतु स्टार इंडिया और वायकॉम18 के कुछ हिंदी और क्षेत्रीय चैनलों को बंद करने की पेशकश की है। विलय के बाद दोनों कंपनियां प्रमुख हिंदी जीईसी चैनलों जैसे स्टार प्लस और कलर्स को बनाए रखते हुए कुछ अन्य चैनल बंद कर सकती हैं। इसके अलावा यह कन्नड़, मराठी और बांग्ला भाषा के बाजारों में चैनल बंद करने की योजना बना रही है। विलय के बाद बनने वाली स्टार और वायकॉम18 की यूनिट हिंदी, जीईसी, कन्नड़, बांग्ला और मराठी बाजारों में 40 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी होगी। स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टिंग तो इसका एकाधिकार होगा। उसके पास सभी प्रमुख क्रिकेट और नॉन-क्रिकेट खेलों को ब्रॉडकास्टिंग राइट्स होंगे। अगर किसी भी एंटिटी के पास किसी भी कैटगरी में 40 फीसदी से अधिक बाजार हिस्सेदारी होती है तो सीसीआई की नजर में यह वर्चस्व माना जाता है। इस मामले में आरआईएल और डिज्नी ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।





वैश्विक सपोर्ट से बुलंदी पर शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

# निवेशकों ने की 7.17 लाख करोड़ की कमाई, सेंसेक्स 1,412 अंक तक उछला

नई दिल्ली।
अमेरिका में मंदी का डर कम होने के कारण बने पॉजिटिव ग्लोबल मूड की वजह से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में भी लगातार रौनक बनी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1.65 प्रतिशत से अधिक उछल कर जबरदस्त मजबूती के साथ बंद हुए। सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,412 अंक से ज्यादा उछल गया, वहीं निफ्टी ने भी इंट्रा-डे में 420 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.68 प्रतिशत और निफ्टी 1.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

शुक्रवार को कारोबार में बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में नजर आए। इस चौतरफा तेजी में आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल और मेटल इंडेक्स भी शानदार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी शुक्रवार को लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.80 प्रतिशत उछल कर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने भी 1.70 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार का अंत किया।

शुक्रवार को बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 451.46 लाख करोड़ रुपये



(अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को शुक्रवार के कारोबार से करीब 7.17 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

शुक्रवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,036 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,475 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,454 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 107 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में शुक्रवार को 2,361 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,624 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 737 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 29 शेयर बढ़त के साथ और 1 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 47 शेयर हरे निशान में और 3 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स शुक्रवार को 648.97 अंक की मजबूती के साथ 79,754.85 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में मामूली तेजी दिखाने के बाद बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 450 अंक लुढ़क कर 79,306.69 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, दोपहर 11 बजे के बाद बाजार में खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स ने भी रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शुक्रवार को कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 1,412.33 अंक की तेजी के साथ सर्वोच्च स्तर 80,518.21 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,330.96 अंक की बढ़त के साथ 80,436.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने शुक्रवार को 191.10 अंक उछल कर 24,334.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 130 अंक से अधिक टूट कर 24,204.50 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, राहत की बात ये रही कि बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। बिकवाली के इस छोटे से दौर के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिसके कारण निफ्टी ने भी चौकड़ी भरना शुरू कर दिया। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक 420.15 अंक की बढ़त के साथ 24,563.90 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 397.40 अंक की तेजी के साथ 24,541.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिन भर खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो 4.26 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 4 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 3.50 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.47 प्रतिशत और टाटा मोटर्स 3.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ शुक्रवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, डिवीज लेबोरेट्रीज 0.60 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 0.19 प्रतिशत और डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स में शामिल हुए।

# ऊर्जा भंडारण में निवेश पहली छमाही में बढ़कर 15.4 अरब डॉलर हुआ




नई दिल्ली।
ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में निवेश जनवरी-जुलाई में दोगुना से अधिक बढ़कर 15.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एक अमेरिकी शोध कंपनी की नई रिपोर्ट के अनुसार निवेश में वेंचर कैपिटल (वीसी) वित्तपोषण, ऋण वित्तपोषण और सार्वजनिक बाजार वित्तपोषण शामिल हैं। फंडिंग एंड एमएंडए रिपोर्ट फॉर स्टोरेज एंड ग्रिड शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार 2024 की पहली छमाही में ऊर्जा भंडारण कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण 64 सौदों के जरिये 15.4 अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया।

यह सालाना आधार पर 117 प्रतिशत अधिक है। 2023 की पहली छमाही में यह 59 सौदों में 7.1 अरब अमरीकी डॉलर था। रिपोर्ट के अनुसार 2024 की पहली छमाही में ऊर्जा भंडारण कंपनियों के लिए वीसी वित्त पोषण 37 प्रतिशत बढ़कर 48 सौदों में 2.4 अरब अमरीकी डॉलर रहा। यह 2023 की पहली छमाही में 43 सौदों में 3.8 अरब अमरीकी डॉलर रहा था। ऊर्जा भंडारण कंपनियों के लिए ऋण तथा सार्वजनिक बाजार वित्तपोषण 2024 की पहली छमाही में 16 सौदों के जरिये 13 अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023 में इसी अवधि के दौरान 16 सौदों के जरिये जुटाए गए 3.3 अरब अमरीकी डॉलर से 294 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वहीं 2024 की पहली छमाही में 14 विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) लेनदेन हुए। 2023 में इसी अवधि में आठ विलय एवं अधिग्रहण लेनदेन हुए थे। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 की पहली छमाही में स्मार्ट ग्रिड कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट वित्त पोषण 36 सौदों में कुल 1.6 अरब अमरीकी डॉलर रहा, जो 2023 की इसी अवधि में 33 सौदों में जुटाई गई 1.8 अरब अमरीकी डॉलर की तुलना में 11 प्रतिशत कम है।

### देश के 42 शहरों में 2,000 आवासीय परियोजनाएं अटकीं: प्रॉपइक्विटी

नई दिल्ली। देश के 42 शहरों में 5.08 लाख इकाइयों के साथ लगभग 2,000 आवासीय परियोजनाएं रुकी हुई हैं। डेटा एनालिटिक्स कंपनी प्रोपइक्विटी के अनुसार इसकी मुख्य वजह डेवलपर्स द्वारा वित्तीय कुप्रबंधन और क्रियान्वयन क्षमताओं की कमी है। प्रोपइक्विटी के आंकड़ों के अनुसार, 1,981 आवासीय परियोजनाएं रुकी हुई हैं, जिन में घरों की कुल संख्या 5.08 लाख है। इन रुकी हुई परियोजनाओं में से 1,636 परियोजनाएं 14 पहली श्रेणी के शहरों में हैं, जिनमें 4,31,946 इकाइयां रुकी हैं। जबकि 345 परियोजनाएं 28 दूसरी श्रेणी वाले शहरों में हैं, जिनमें 76,256 इकाईयां हैं। इसमें यह भी बताया गया कि रुकी हुई इकाइयों की संख्या बढ़कर 5,08,202 हो गई है, जो 2018 में 4,65,555 इकाई थी।

# यूजिया फार्मा को यूएसएफडीए से मिला चेतावनी पत्र

नई दिल्ली।
अरबिंदो फार्मा लिमिटेड की शाखा यूजिया फार्मा स्पेशलिटीज को तेलंगाना में उसकी विनिर्माण इकाई के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से चेतावनी पत्र प्राप्त हुआ है। इससे पहले मई में कंपनी ने बताया था कि उसकी पूरी स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी यूजिया फार्मा स्पेशलिटीज लिमिटेड की फॉर्मूलेशन विनिर्माण इकाई यूनिट-3 को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने आधिकारिक कार्रवाई संकेतित (ओएआई) के तौर पर वर्गीकृत किया है। अरबिंदो फार्मा ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ओएआई के बाद इकाई को एक चेतावनी पत्र मिला है। कंपनी ने इस चेतावनी को लेकर जानकारी साझा नहीं की और हालांकि कहा कि अमेरिकी बाजारों में मौजूदा आपूर्ति पर इससे कोई असर नहीं होगा। अरबिंदो फार्मा ने कहा कि वह यूएसएफडीए के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और निरंतर आधार पर अपने अनुपालन को बढ़ा रही है। गौरतलब है कि यूएसएफडीए के अधिकारियों ने 22 जनवरी से दो फरवरी 2024 तक तेलंगाना में यूजिया फार्मा स्पेशलिटीज लिमिटेड की विनिर्माण सुविधा यूनिट-3 का निरीक्षण किया था। इसके बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इस सुविधा की निरीक्षण वर्गीकरण स्थिति को आधिकारिक कार्रवाई संकेतित (ओएआई) निर्धारित किया था।




# त्योहारी सीजन में सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार, सोना-चांदी के भाव रहे स्थिर

नई दिल्ली।
स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन शुक्रवार को घरेलू सर्राफा बाजार बिना किसी बदलाव के सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। त्योहारी सीजन में सपाट कारोबार की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 65,690 रुपये से लेकर 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु भी 82,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 65,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 65,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना भी 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 65,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

नई दिल्ली।
ग्लोबल मार्केट से शुक्रवार को मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में जोरदार उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक शानदार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में भी शुक्रवार को तेजी का माहौल बना हुआ है।

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों ने लंबी छलांग लगाई। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,543.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 401.89 अंक यानी 2.34 प्रतिशत उछल कर 17,594.50 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर शुक्रवार को फिलहाल 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,601.58 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।



अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स से 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,347.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,423.37 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 297.64 अंक यानी 1.64 प्रतिशत उछल कर 18,183.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में भी शुक्रवार को तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के सभी 9 बाजारों के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 258.50 अंक यानी 1.07 प्रतिशत उछल कर 24,403.5 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,350.40 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। निक्केई इंडेक्स ने शुक्रवार को जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 1,192.81 अंक यानी 3.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 37,919.45 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 438.07 अंक यानी 2 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,333.24 अंक के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा है।

कोस्पी इंडेक्स में भी शुक्रवार को जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 1.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,692.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 286.95 अंक यानी 1.68 प्रतिशत उछल कर 17,396.09 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,299.66 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,455.98 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 2,880.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

### ईकॉम एक्सप्रेस आईपीओ के जरिये जुटाएगा 2600 करोड़

नई दिल्ली। ईकॉम एक्सप्रेस ने आरंभिक सार्वनजिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 2,600 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेज के अनुसार निर्गम 1,284.50 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और 1,315.50 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। कंपनी के अनुसार आईपीओ से अर्जित पूंजी में से 387.44 करोड़ रुपये का उपयोग स्वचालन के साथ नए प्रसंस्करण केंद्र और नए पूर्ति केंद्र स्थापित करने के लिए किया जाएगा। 73.71 करोड़ रुपये कंप्यूटर तथा आईटी उपकरणों के लिए और 239.23 करोड़ रुपये प्रौद्योगिकी, डेटा विज्ञान क्षमताओं तथा क्लाउड बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर खर्ज किए जाएंगे। 87.92 करोड़ रुपये से कर्ज चुकाया जाएगा। कंपनी आईपीओ पूर्व निर्गम में 257 करोड़ रुपये जुटाने पर विचार कर रही है। ऐसा होने पर नए निर्गम का आकार घटा दिया जाएगा। ईकॉम एक्सप्रेस पूरे भारत में एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स नेटवर्क संचालित करती है। आवश्यक लॉजिस्टिक्स बनुयादी ढांचे की पेशकश और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर कंपनी देश भर के उपभोक्ताओं के साथ डिजिटल खुदरा विक्रेताओं तथा ई-वाणिज्य मंचों को जोड़ती है।






# केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मनु भाकर को किया सम्मानित, 10 लाख रुपये का दिया चेक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपने आवास पर दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को सम्मानित किया और उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

इससे पहले पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने इतिहास रच दिया था जब वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। भाकर और उनके साथी सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ मैच में दक्षिण कोरिया के ली वोनहो और ओह ये जिन को 16-10 से हराया। मनु और सरबजोत दोनों ने दक्षिण कोरियाई निशानेबाजों के खिलाफ श्रृंखला में लगातार 10 अंक बनाए और भारत के लिए दूसरा पदक जीता। भाकर ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करके ओलंपिक में भारत का पदक खोला, इसके बाद, सरबजोत सिंह और भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल (मिश्रित टीम) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो भारत का पहला शूटिंग टीम पदक था।

अपने अंतिम इवेंट में, वह ऐतिहासिक तीसरे पदक से चूक गईं और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। वह ओलंपिक में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का अवसर चूक गईं।

भाकर स्वतंत्रता के बाद पेरिस ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली भारतीय एथलीट हैं। इससे पहले 1900 ओलंपिक में, नॉर्मन प्रिचर्ड ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो पदक जीते थे, दोनों ही 200 मीटर और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक थे।

### केंद्रीय खेल मंत्री ने दिए 30 लाख

इससे पहले युवा मामले और खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के लिए शीर्ष निशानेबाज मनु भाकर को 30 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दे चुके हैं। भाकर ने केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से मुलाकात करने के बाद लिखा था माननीय मंत्री जी को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहती हूं। उनके निरंतर प्रयासों से देश के खिलाड़ी और भी अधिक ऊंचाइयों को छू सकते हैं!

## न्यूज़ ब्रीफ

### डब्ल्यूबीबीएल के अगले दो सीज़न के लिए पर्थ स्कॉर्चर्स में बने रहेंगी सोफी डिवाइन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन शुक्रवार को प्री-ड्राफ्ट साइनिंग पूरा करने के बाद महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के अगले दो सत्रों के लिए पर्थ स्कॉर्चर्स में बनी रहेंगी। पिछले साल मेलबर्न रेनेगेड्स ने डिवाइन को ऑलराउंडर मारिजने कप्प के ऊपर पर्थ स्कॉर्चर्स द्वारा रिटेन किया था। पिछले सीजन में दाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 37.61 की औसत से 489 रन बनाए थे, जिसमें ब्रिसबेन हीट के खिलाफ शतक भी शामिल था। कीवी खिलाड़ी ने अपने अभियान में 14 विकेट भी चटकाए। बेथ मूनी और एलीस विलानी के बाद डिवाइन डब्ल्यूबीबीएल के इतिहास में तीसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से डिवाइन ने कहा, मेरे लिए पर्थ वापस आना कोई बड़ी बात नहीं थी। मैंने पिछले चार सत्रों में खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ एक ख़ास रिश्ता बनाया है, और मैं कहीं और खेलने की कल्पना भी नहीं कर सकती। हालाँकि मूनी का स्कॉर्चर्स के साथ नया करार अभी तक घोषित नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया की यह सलामी बल्लेबाज़ टीम के साथ ही रहेगी। ऑफ-सीज़न के दौरान, उन्होंने ब्रिसबेन हीट से मिकायला हिंकले को भी खरीदा। इंग्लिश तिकड़ी एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट और लॉरेन विनफील्ड-हिल पिछले सीज़न में स्कॉर्चर्स के लिए विदेशी खिलाड़ी भी थीं। अपने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण, साइवर-ब्रंट पहले ही इस लीग से हट चुकी हैं। डब्ल्यूबीबीएल महिला टी-20 विश्व कप के सात दिन बाद शुरू होने वाला है। नवंबर के अंत में इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा भी करेगी, उसी समय लीग भी चल रही होगी।

### नागरिक एकादश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से किया पराजित



**नवादा।** नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम के मैदान में शुक्रवार को प्रशासन एकादश तथा नागरिक एकादश के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया,जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों तथा समाज के खिलाड़ियों ,पत्रकारों ,बुद्धिजीवियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में नागरिक एकदश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से हराकर विजेता का खिताब जीत लिया । जिला प्रशासन उप विजेता बने। प्रशासन एकादश की कप्तानी एसपी अंबरीश राहुल ने की। नागरिक एकादश की कप्तानी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी ने की ।दोनों ओर के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने की ।मौके पर उप- विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ,एडीएम चंद्रशेखर आजाद सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे। क्रिकेट टूर्नामेंट में एसपी अंबरीश राहुल को बेस्ट बैट्समैन तथा पत्रकार डॉक्टर संजय कुमार सुमन उर्फ साकेत बिहारी को बेस्ट बॉलर के किताब से नवाजा गया। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने दोनों पक्ष के खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड देकर सम्मानित किया ।उन्होंने कहा कि खेल भाईचारा का सबसे बड़ा माध्यम है। इस तरह के खेल के आयोजन से प्रशासन और नागरिकों के बीच मधुर संबंध बनते हैं, जिस कारण प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त बनी रहती है उन्होंने कहा कि कई मौके आएंगे जब नागरिक एकादश तथा जिला प्रशासन एकादश के बीच टूर्नामेंट के साथही कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी ।

### मेगा नीलामी समाप्त करने पर अंतिम फैसला बोर्ड करेगा : जय शाह



**मुम्बई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल मेगा नीलामी को लेकर सभी से बात हुई है। कुछ टीमें इसे समाप्त करने के पक्ष में हैं जबकि कुछ जारी रखना चाहती हैं। जय शाह ने कहा कि ऐसे में बोर्ड अंतिम फैसला सभी बातों पर विचार करने के बाद ही लेगा। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई सभी की बातों को बराबर महत्व देगा। शाह ने कहा, हमने सभी फ्रेंचाइजी की बातें सुनी है। हमारे लिए कुछ लोगों की राय भी इसमें अहम रहेगी। इस मामले में फैसला बीसीसीआई के पदाधिकारियों को करना है। अभी जिनके पास अच्छी टीम है, उनका कहना है कि कहा कि बड़ी नीलामी की कोई जरूरत नहीं है जबकि जिनके पास अच्छी टीम नहीं है, वे बड़ी नीलामी चाहते हैं। शाह ने कहा कि मेगा नीलामी को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, खेल के विकास के लिए फेरबदल के साथ-साथ निरंतरता भी अहम है। इसके अलावा अगले सत्र में मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 84 करने पर भी फैसल होगा। शाह ने कहा, अभी कुछ भी तय नहीं है। हम मिलकर कोई फैसला लेंगे। हमें खिलाड़ियों के कार्यभार और विंडो को भी ध्यान में रखना होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बोर्ड महिला प्रीमियर लीग में छठी टीम जोड़ने पर भी विचार कर रहा है पर ये पर्याप्त खिलाड़ियों की उपलब्धता पर आधारित रहेगा। इसके अलावा बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि आईसीसी खेल के सबसे लंबे प्रारूप के लिए एक समर्पित कोष बनाए क्योंकि टेस्ट मैच आयोजित करना काफी महंगा काम है।

## पेरिस से स्वदेश लौटे भारतीय खिलाड़ियों से पीएम मोदी ने की मुलाकात

# पीएम ने पीआर श्रीजेश से उनके संन्यास पर कहा- टीम आपको हमेशा याद करेगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने आवास पर भारतीय पेरिस ओलंपिक दल से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान एथलीटों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। श्रीजेश ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ मिलकर पीएम मोदी को अपनी मुलाकात के दौरान भारत की जर्सी और हॉकी भी भेंट की।

खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने श्रीजेश के संन्यास के फैसले के बारे में पूछा, 'श्रीजेश, क्या आपने पहले ही संन्यास लेने का फैसला कर लिया था?'

श्रीजेश ने जवाब में कहा, 'मैं पिछले कुछ सालों से संन्यास लेने के बारे में सोच रहा था। मेरे साथी खिलाड़ी अक्सर मजाकिया अंदाज में पूछते थे, तुम कब जा रहे हो? 'मैंने पहली बार 2002 में राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया और 2004 में जूनियर स्तर पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। तब से, मैं 20 वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।'

पेरिस ओलंपिक से पहले मुझे लगा लगा कि ओलंपिक जैसे भव्य मंच पर संन्यास लेना, जहां पूरी दुनिया एक साथ आती है, मेरे करियर को समाप्त करने का सबसे सही तरीका होगा। इसलिए मैंने इस मंच पर संन्यास लेने का फैसला किया था। प्रधानमंत्री ने श्रीजेश से कहा, टीम आपको याद करेगी, और उन्होंने आपको शानदार विदाई दी है।

श्रीजेश ने आगे कहा, 'सेमीफाइनल हारने के बाद, टीम थोड़ी निराश थी। लेकिन जब हम आखिरी मैच के लिए मैदान पर उतरे, तो मेरे साथी एक-दूसरे




का उत्साह बढ़ाते रहे, कहते रहे, हमें श्रीजेश भाई के लिए यह जीतना है। मैंने उस ओलंपिक पोडियम से उनका शुक्रिया अदा किया और हमारी जीत के बाद अपने संन्यास की घोषणा की।'

पेरिस में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारतीय पुरुष टीम ने 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद पहली बार हॉकी में लगातार दो पदक जीते और अपना कुल 13वां ओलंपिक पदक हासिल किया।

इससे पहले पीएम मोदी ने इन सभी को लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित भी किया था। इस मौके पर पीएम ने पूरे भारतीय दल की प्रशंसा की और उन सबको चैंपियन का तगमा दिया। खास तौर पर भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश की पीएम ने जमकर तारीफ की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीजेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम उन्हें याद करेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ अपने करियर का शानदार अंत किया।

### प्रधानमंत्री ने विनेश की प्रशंसा करते हुए कहा- हमें उन पर गर्व है



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर पेरिस ओलंपिक से लौटे खिलाड़ियों से मुलाकात की है। खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने महिला पहलवान विनेश फोगाट की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें गर्व उनपर गर्व है। है। प्रधानमंत्री ने कहा, विनेश कुश्ती में फाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं और उनके इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। विनेश को 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण ओलंपिक फाइनल से पहले अयोग्य करार देकर बाहर कर दिया गया था। इस मामले में उन्होंने खेल पंचाट में अपील कर संयुक्त रुप से रजत पदक दिये जाने की अपील की थी जो खारिज हो गयी। प्रधानमंत्री से जिस भारतीय दल ने मुलाकात की थी। उसमें विनेश शामिल नहीं थीं क्योंकि वह अभी पेरिस से नहीं लौटीं हैं। भारत ने इस बार पेरिस ओलिंपिक में 1 रजत और 5 कांस्य पदक जीते हैं। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सभी एथलीट्स की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विनेश शनिवार सुबह स्वदेश पहुंचेंगी। जिसके बाद वह सबसे पहले चरखी दादरी में अपने गांव बलाली जाएंगी। इस दौरान रास्ते में विनेश का कई जगह पर स्वागत होगा।

## पीकेएल नीलामी-2024

# गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपये में खरीदा



**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग 2024 की नीलामी के दूसरे दिन शुक्रवार को मुंबई में गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपये में खरीदा। सातवें सीजन में यूपी योद्धा के साथ पदार्पण करने वाले इस ऑलराउंडर ने पिछले साल तक इसी फ्रैंचाइजी के साथ काम किया। पीकेएल के आठवें सीजन में योद्धा चौथे स्थान पर रहे, जो लीग के इतिहास में उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

हालांकि, पिछले सीजन में योद्धा 11वें स्थान पर रहे, जो तेलुगु टाइटन्स से थोड़ा ऊपर था। पीकेएल 10 में गुरदीप ने 16 मैच खेले और 30 अंक अर्जित किए, जिसमें उनका टैकल स्ट्राइक रेट 51 प्रतिशत रहा।

इसके अलावा पटना ने दक्षिण कोरियाई रेडर जैंग कुन ली को 17.50 लाख रुपये में खरीदा। इस तरह रेडर की चार साल बाद भारत वापसी हुई। ली ने आखिरी बार पीकेएल में सीजन सात में खेला था, संयोग से उस समय भी वह पटना पाइरेट्स के साथ ही थे। उस सीजन में, पाइरेट्स अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहे।

दक्षिण कोरियाई रेडर ने उद्घाटन सत्र में बंगाल वॉरियर्स के साथ लीग में पदार्पण किया और फ्रैंचाइज़ी के साथ छह सीज़न पूरे किए।

जब बंगाल वॉरियर्स ने उन्हें 80.30 लाख रुपये की कीमत पर रिटेन करने का फैसला किया, तो वह पांचवें सीजन में सबसे महंगे पिक थे। बंगाल की टीम के साथ उनका सबसे अच्छा सीजन छठा सीजन था, जब टीम प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन एलिमिनेटर में बाहर हो गई।

### डब्ल्यूबीबीएल : अटापट्टू ने सिडनी थंडर के साथ तीन सत्र के लिये किया करार



**सिडनी।** सिडनी थंडर ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024-25 से पहले प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के जरिए अगले तीन सत्र के लिए श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के साथ करार किया है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। अटापट्टू , जो पिछले सीज़न में थंडर के लिए एक अनड्राफ्टेड खिलाड़ी के रूप में खेली थीं, ने उनके रोस्टर में चौथा विदेशी स्लॉट भरा। उन्होंने थंडर के चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेयर-ऑफ़-द-टूर्नामेंट प्रदर्शन के साथ सीज़न का समापन किया, जिसमें उन्होंने 42.46 की औसत से 552 रन बनाए और नौ विकेट लिए। अटापट्टू ने एक बयान में कहा, 卐अगले तीन सत्रों के लिए सिडनी थंडर के साथ जुड़ना एक आसान निर्णय था, क्योंकि मैं इस क्लब के विजन में विश्वास करती हूं और मैं इसकी भविष्य की सफलता का हिस्सा बनना चाहती हूं। उन्होंने कहा, मेरे सिडनी थंडर परिवार में प्यार करने के लिए बहुत कुछ है। मेरे साथी सिर्फ़ सहकर्मी नहीं हैं; वे दोस्त हैं जो हर दिन एक-दूसरे को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते हैं, जो मेरे लिए महत्वपूर्ण है।

# राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख बने रहेंगे वीवीएस लक्ष्मण



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख के रूप में अपना कार्यकाल कम से कम एक साल के लिए बढ़ाएंगे। उनका शुरुआती तीन साल का अनुबंध इस सितंबर तक था।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, लक्ष्मण को आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी मुख्य कोच पद के लिए चुन रही थी, लेकिन अब एनसीए में उनकी ड्यूटी के कारण यह पद संभव नहीं है। उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों शितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और ऋषिकेश कानितकर सहित कोचों की उनकी टीम द्वारा सहायता प्रदान किए जाने की संभावना है।

लक्ष्मण के अनुबंध का विस्तार बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक नए अत्याधुनिक एनसीए परिसर के उद्घाटन से पहले हुआ है, जिसकी नींव कर्नाटक सरकार द्वारा 99 साल के पट्टे पर भूमि स्वीकृत किए जाने के 14 साल बाद जनवरी 2022 में रखी गई थी।

माना जा रहा है कि एनसीए में कम से कम 100 पिचें, 45 पिचों वाली इनडोर सुविधाएं, तीन अंतरराष्ट्रीय आकार के मैदान, एक आधुनिक पुनर्वास केंद्र, आवास सुविधाएं और ओलंपिक आकार के पूल के अलावा कई अन्य सुविधाएं होंगी। एनसीए निर्माण के अंतिम चरण में है। अगले साल की शुरुआत से इसके चालू होने की संभावना है।

लक्ष्मण की चुनौतियों में से एक पहले से ही व्यापक इंडिया ए टूर प्रोग्राम को आगे बढ़ाना होगा, जिसे उन्होंने राहुल द्रविड़ के कार्यकाल से आगे बढ़ाया है। हालांकि, हाल ही में व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण इसमें बाधा आई है। एनसीए में अपने पहले तीन साल के कार्यकाल के दौरान, लक्ष्मण ने चोट प्रबंधन, खिलाड़ी पुनर्वास, कोचिंग कार्यक्रमों और वरिष्ठ टीमों, आयु-समूह और महिला क्रिकेट के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए निर्धारित मजबूत प्रक्रियाओं पर काम किया है।

# दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के लिए तैयार ईशांत शर्मा, ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन संस्करण में भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी ऋषभ पंत और ईशांत शर्मा अपने शानदार कौशल से प्रशंसकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। दोनों खिलाड़ी पुरानी दिल्ली 6 टीम का हिस्सा हैं। डीपीएल शनिवार से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होने वाला है।



पुरानी दिल्ली 6 डीपीएल के अपने शुरुआती मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (डीपीएल) का सामना करेगी। यह डीपीएल का भी पहला मैच होगा। पुरानी दिल्ली 6 में विस्फोटक विकेटकीपर पंत और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के इर्द-गिर्द बनी एक जबरदस्त टीम है। फ्रैंचाइज़ी ने ऑलराउंडर ललित यादव और बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम शर्मा को भी टीम में शामिल किया है। पुरानी दिल्ली 6 ने 20 वर्षीय सलामी बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर अर्पित राणा और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी टीम में शामिल किया।

पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने फ्रैंचाइज़ी की प्रेस रिलीज़ के हवाले से कहा, 'हम इस तरह के रोमांचक लाइनअप के साथ डीपीएल की शुरुआत करके रोमांचित हैं। ईशांत शर्मा और ऋषभ पंत के होने से हमारे पास जबरदस्त अनुभव और कौशल है, जिसने हमारे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। हमें विश्वास है कि पुरानी दिल्ली 6 लीग में एक मजबूत प्रभाव डालेगी।'

दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में 40 मैच होंगे, जिसमें 33 पुरुष और 7 महिला खेल शामिल हैं, जो सभी प्रतिष्ठित श्री अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह टूर्नामेंट 17 अगस्त से 8 सितंबर, 2024 तक चलेगा, जिसमें प्रशंसकों और खिलाड़ियों दोनों के लिए रोमांचक क्रिकेट एक्शन का वादा किया गया है।

**पुरानी दिल्ली 6 टीम**- ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

### बॉर्डर-गावस्कर सीरीज ऑस्ट्रेलिया जीतेगी : पोंटिंग

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ेगा। पोंटिंग के अनुसार इस दौरे में मेहमान टीम अधिक से अधिक एक मैच ही जीत पायेगी। पोंटिंग के इस बयान को उनके भारतीय टीम पर मनोवैज्ञानिक रणनीति बनाने की नीति भी माना जा रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल 16 अक्टूबर से एक टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। दोनों टीमों के बीच इस बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तहत पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

# कैमरून ने फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम

**याउंडे।** कैमरून फुटबॉल महासंघ (फेकाफुट) ने गुरुवार को अगले महीने कोलंबिया में होने वाले फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए टीम घोषित कर दी है। कैमरून की राजधानी याउंडे में प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविर के पूरा होने के बाद 24 खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दिया गया। इसमें मुख्य रूप से घरेलू लीग में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

खेल विश्लेषक जेम्स मालू ने सिन्हुआ से कहा, स्पेन और फ्रांस में खेलने वाले कुछ ही खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं, जिसका मतलब है कि कैमरून कोलंबिया में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान अपनी स्थानीय प्रतिभाओं को दिखाना चाहता है। ये लड़कियां अच्छी हैं और अच्छा प्रदर्शन करने का वादा करती हैं। टीम की अगुआई मिडफील्डर नाओमी एटो करेंगी।



एटो ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमें ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और मेजबान कोलंबिया से बने एक कठिन समूह में रखा गया है। जब हम वहां जाएंगे तो हमारा ध्यान अपने काम पर रहेगा। हम वहां जीतने के लिए भी जा रहे हैं क्योंकि हम जीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहली बार है जब इंडोमिटेबल लायनेसेस 24 टीमों के टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

### कैमरून की अंडर-20 टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर**- बिया कैथी, एनजीओले चेल्सी, एनजीए कैलिस्टे चैंटल।

**डिफेंडर्स**- माग मैरिएन इनेस, एस्सिमी इवौडो मार्लेन, डजची सेनिंग ऑर्लाइन, नगासेह एमबेले बर्नाडेट, एमबीएंडजी सूजी, यंगा जेह एस्टेले लिन्सी, एनजीओनो मैरी विक्ट्री।

**मिडफील्डर्स**- एनजॉक पौहे निकोल, दिवाविसा टोडौ तोइरे, टोको नजोया अख्ता, अजांग मवेम्बे बेरेनिस सिमोन, नाओमी एटो, मेगुयेप न्युयेप एंजेला, एनजीओक मोनिक।

**फॉरवर्ड्स**- कैमिला यवेटे दाहा, मेंडौआ ग्रेस डेविला, न्युएलु सूफिया नीना, लामिन माना, एंगनेम्बेन एनी फ़ेलिशिया टाउटिना, मेवा किकी क्रिस्टियन, एनजीओ बिलोंग एंड्री एम.।

### दो ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीज़न की हुई शुरुआत

**मैड्रिड।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ और गेटाफे ने गुरुवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में 1-1 से ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीज़न की शुरुआत की। एथलेटिक के आक्रामक मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने 27वें मिनट में मैच का पहला गोल किया, हालांकि क्रिसेंटस उचे, जो पहली बार ला लीगा में खेल रहे थे, ने 64वें मिनट में हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी दिला दी। स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निको विलियम्स 20 मिनट के खेल के बाद एथलेटिक के लिए मैदान पर आए और कुछ मिनटों तक जादू दिखाया, लेकिन गेटाफे के गोलकीपर डेविड सोरिया ने कुछ महत्वपूर्ण बचाव किए। अंत में मैच 1-1 से ड्रा रहा। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने वाली गिरोना को सेविले के बेनिटो विलामारिन स्टेडियम में बेटिस के खिलाफ एक अंक से संतोष करना होगा। मार्क बार्ट्रा ने कॉर्नर के बाद खेल के पांचवें मिनट में ही बेटिस को आगे कर दिया।

जानकारी

# शेप में लानी हो बॉडी, तो करें ये आसान से आसन



सही खान-पान और व्यायाम के अभाव में लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके चलते कभी-कभी शर्मिंदगी भी झेलनी पड़ती है। वजन घटाने के लिए लोग तरह तरह के उपाए करते हैं लेकिन इसका लाभ नही मिल पाता है। अगर आप अपनी बॉडी को मेनटेन करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ योगासन हैं जो वजन कम करने में आपकी काफी मदद करेंगे।

## सूर्य नमस्कार

यह एक बुनियादी, सबसे ज्यादा जाना-जाने वाला और व्यापक रूप से अभ्यास किया जाने वाला आसन है। इसमें 12 योग मुद्राओं का मिश्रण होता है, जो कि शरीर के विभिन्न भागों को केंद्रित करता है। इसकी यही खासियत इसे पूरे शरीर के लिए फायदेमंद बनाती है। एक्सपर्ट्स की मानें तो शरीर को चुस्त रखने के लिए सूर्य नमस्कार एक बढ़िया तरीका है, क्योंकि यह शरीर के लगभग हर संभव अंग की कसरत करने में मदद करता है। यह कंकाल प्रणाली की सहनशक्ति बढ़ाने, तनाव और चिंताओं को दूर करने में भी सहायक है।

## वीर भद्रासन

इस आसन की मुद्रा पहाड़ों पर जाने वाली मुद्रा के सामान होती है। अपने एक पैर को पीछे की ओर खींचकर, दूसरे पैर को आगे कूदने की मुद्रा में बना लें, जिसमें घुटने 90 डिग्री मुद्रा में हो और हाथों को जोड़कर सिर के ऊपर तक ले जाएं वीरभद्रासन-2 के लिए आप इस मुद्रा को आगे ले जा सकते हैं, जिसमें अपने हाथ छाती के सामने ले जाएं और खींचे हुए पैरों को सीधा कर लें (बाहर की और निकलती हुई), वहीं दूसरे पैर को अभी भी 90 डिग्री पर ही रखें और अपने दोनों हाथों को खींचकर बाहर की तरफ फैला लें। यह योद्धा मुद्रा आपके पैर, जांघ, पीठ और हाथ पर काम करती है। यही नहीं, यह रक्त प्रवाह सही करने में भी मदद करती है।

## त्रिकोणासन

त्रिकोणासन करने के लिए पैरों को फैला लें, जिसमें सीधा पैर बाहर निकाल लें। अब अपने हाथों को बाहर की ओर खोल लें और सीधे हाथ को धीरे-धीरे नीचे की तरफ सीधे पैर की ओर ले जाएं। सीधी कमर के साथ नीचे की ओर देखें। अपनी सीधी हथेली को जमीन पर रखें और अपने उल्टे हाथ को ऊपर की ओर ले जाएं। इसी प्रक्रिया को दूसरी साइड से भी दोहराएं।

## बोट मुद्रा

पीठ के बल लेट जाएं और अपने शरीर को नाव (बोट) के आकार में लाएं मुद्रा को दस सेकंड तक बनाएं रखें। इस दौरान आपको लगेगा कि आपकी मांसपेशियां उछल रही हैं, लेकिन यकीन मानो यह आपके बैली फैट को बिल्कुल खत्म कर देगा।

## ब्रिज मुद्रा

पीठ के बल लेट जाएं और हाथ बगल में फैला लें। अब घुटनों को मोड़कर, उन्हें बाहर की तरफ फैला लें। पेट वाले हिस्से से शरीर को ऊपर की ओर उठाएं, अपने हाथों से सहारा देकर, मुद्रा को कुछ देर तक बनाएं रखें। यह मुद्रा आपके हिप्स, जांघ, पेट और पीठ पर काम करेगी।

# अपने व्यक्तित्व के मुताबिक चुनें अपना परफ्यूम



पर्सनल स्टाइल में आपका कोलोन सबसे महत्वपूर्ण और अलग चीज है, जो आपको कई लोगों से अलग करता है। इसलिए इसका चयन करते हुए सावधानी रखनी चाहिए। यह पर्सनल स्टेटमेंट के लिए बेहद जरूरी तत्व है। ऐसे में आप नहीं चाहेंगे कि आप कोई ऐसा परफ्यूम लगाएं जो आपके व्यक्तित्व को ठीक तरह से परिभाषित न करे।



## कहां से शुरू करें?

इस दौर में जबकि बाजार में परफ्यूम्स की एक बड़ी रेंज उपलब्ध है, अपने लिए अच्छा परफ्यूम चुनना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। यदि आप इस मामले में एकदम ही अनजान हैं और नए हैं तो बजाए प्रयोग करने के, थोड़ा-थोड़ा चुनें। यदि आप अपने लिए या फिर किसी को गिफ्ट देने के लिए परफ्यूम चुन रहे हैं तो आपके पास सेंट्स के साथ-साथ संगीत की समझ भी अच्छी हो तो बेहतर होगा। आपको इसके लिए परफ्यूम्स की रिव्यू भी पड़ लेना चाहिए। परफ्यूम

**खरीदते हुए मौसम का भी खास ध्यान रखें।**

## समूह का ध्यान रहे

परफ्यूम्स के विशेषज्ञ बताते हैं कि खुशबू के अपने परिवार होते हैं। इसमें हर दिन इस्तेमाल करने वाले भीनी खुशबू वाले परफ्यूम्स से लेकर अंबर और वनिला जैसे तेज खुशबू वाले परफ्यूम्स भी होते हैं। तेज खुशबू वाले परफ्यूम रात के अवसरों के अनुकूल होते हैं। यह आपको तय करना होता है कि आप अपने लिए किस तरह का परफ्यूम पसंद करते हैं। यदि आपने अभी-अभी नौकरी करना शुरू किया है तो मस्क की खुशबू का चुनाव कर सकते हैं। या फिर कुछ भीनी खुशबू वाले परफ्यूम का चुनाव करें। आप कुछ ज्यादा तेज खुशबू वाले परफ्यूम का भी चुनाव कर सकते हैं। यह आप पर निर्भर करता है कि आप अलग-अलग तरह समूह की खुशबू में से किसे पसंद करते हैं।

**रिएक्शन तो नहीं कर रहा है।**

### ट्राय करें

यदि आपका अपना कोई पसंदीदा सेंट है, फिर भी आप कुछ नया ट्राय करना चाह रहे हैं तो आप कर सकते हैं। आप इस सिलसिले में विशेषज्ञ से भी राय ले सकते हैं।

## ऑनलाइन खरीदें

आप परफ्यूम्स वैसे ही ऑनलाइन खरीद सकते हैं, जैसे कपड़े खरीदते हैं। इसके लिए पहले स्टोर पर जाकर टेस्ट कर लें और स्टोर पर कीमत पता कर लें। यदि वहां ज्यादा कीमत है तो फिर अपनी पसंद के परफ्यूम को ऑनलाइन ऑर्डर करें। अमूमन परफ्यूम ऑनलाइन कम कीमत पर मिल जाते हैं।

## कुछ घंटे लगाकर देखें

कोई भी खुशबू हो, हर उपयोग करने वाले के साथ वह अलग स्मैल करती है। यह अलग-अलग लोगों की बॉडी केमिस्ट्री पर निर्भर करता है। इसे चुनने का सबसे अच्छा तरीका है कि अलग-अलग जगहों जैसे कान के पीछे, गर्दन पर या फिर कलाई के भीतरी हिस्से में इसे लगाकर देखें। कुछ समय बाद जब यह खुशबू आपकी नेचुरल सेंट से ब्लैंड हो जाए, तब देखें। तब आप बेहतर निर्णय कर पाएंगे।

# घर में पड़ी बेकार प्लास्टिक बोतल से बनाये फोन चार्जिंग स्टैंड



अक्सर फोन चार्ज करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि जहां फोन चार्ज करने का स्लॉट होता है उसके आसपास कहीं भी फोन रखने की जगह नहीं होती। ऐसे में फोन ऐसी जगह रखना पड़ता है जहां से फोन के गिरने का खतरा बना रहता है। लेकिन आपको परेशान होने की जरुरत नहीं है। आप घर पर रखी प्लास्टिक बोतल से खूबसूरत सा फोन स्टैंड बना सकते हैं।

1) सबसे पहले एक प्लास्टिक की बोतल लें। ये बोतल शैम्पू, पाउडर आदि की हो सकती है।

2) अब बोतल पर पैन या पेन्सिल से निशान बनाएं।

3) अब तस्वीर में दिखाये तरीके से बोतल को काट लें।

4) बोतल के बैक साइड में दी कट को अपने चार्जर से बड़ा रखें, जिससे वह उसमें फिट हो सके।

5) बोतल को कट करने के बाद, उसके किनारों को सैंडपेपर से स्मूथ कर लें।

6) अब बोतल को एक अच्छे से पेपर से सजा लें, इसके लिए आप पैंकिंग पेपर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप ग्लू से बोतल के ऊपर चिपका दें।

7) अब अपना पसंद किया हुआ डिजाईन बोतल पर लगा दें। बोतल के तले को खाली न छोडें, तले पर भी डिजाईन डिजाईन लगा दें।

8) अब बोतल की बैक साइड जो हिस्सा काटा है उसमें से चार्जर को प्लग में लगा दीजिए और फोन को बोतल के अंदर रख दीजिए।

9) आपका शानदार और आकर्षक फोन चार्जिंग स्टैंड तैयार है।

अब आप इसे फोन चार्जिंग के लिए इस्तेमाल कर पाएंगे और आपका फोन भी एकदम सेफ रहेगा।



# घरेलू उपायों से डैंड्रफ का निदान



सही देखभाल के अभाव में बालों में कई समस्याएं हो सकती हैं। डैंड्रफ या रूसी भी उनमें से एक है। जो सिर की त्वचा में स्थित मृत कोशिकाओं के कारण पैदा होती है। बालों में डैंड्रफ होने से बाल बेजान हो जाते है, गिरने लगते हैं और सिर में खुजली भी रहती है। लेकिन बालों की थोड़ी सी देखभाल और घरेलू उपायों द्वारा आप न सिर्फ बालों की समस्याओं का समाधान कर सकते है। बल्कि डैंड्रफ से भी छुटकारा पा सकते हैं।

## बालों की सफाई



डैंड्रफ का सबसे बड़ा कारण है स्कैल्प की ठीक तरह से सफाई न हो पाना। अधिक पसीना और सीबम उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों के ज्यादा सक्रिय होने के कारण भी यह समस्या होती है। इसलिए डैंड्रफ की समस्या होने पर बालों की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ऐसे में आपको हफ्ते में दो से तीन बार बालों को किसी अच्छे हर्बल शैम्पू से धोना चाहिए।

## तेल की मालिश

बालों की सभी समस्याओं खासकर डैंड्रफ का भी सबसे कारगर उपचार है तेल मालिश। तेल मालिश से बालों को पोषण मिलता है। सिर की मांसपेशियां उत्तेजित होती है और रक्त संचार भी तेज होता है। और बाल स्वस्थ, सुन्दर, घने, लंबे और रूसी रहित बनते हैं। इसलिए हफ्ते में एक बार तेल लगाकर बालों की मालिश करना अति आवश्यक है।

## स्टीम

मालिश के पश्चात बालों के रोमकूपों से गन्दगी व मैल साफ करने के लिए स्टीम देना अच्छा रहता है। इसके लिए गर्म पानी से तौलिया भिगोकर बालों पर अच्छी तरह से लपेट लें। स्टीम से रोमकूपों में फंसी मैल और मृत कोशिकाएं आदि निकल जाती है व तेल भी अच्छी तरह से सिर की त्वचा में चला जाता है जिससे बालों की जड़े मजबूत बनती है और डैंड्रफ की समस्या भी दूर होती है।

## सहजन की फलियां

सहजन की पत्तियों के रस को लगाने से डैंड्रफ खत्म हो जाती है। सहजन की फलियों को उबालकर तैयार किया गया पल्प नहाते समय सिर पर शैंपू की तरह इस्तेमाल किया जाए तो यह बाजार में उपलब्ध किसी भी विटामिन ई युक्त शैंपू से बेहतर साबित होगा।

## मेथी से उपचार



मेथी में निकोटिनिक एसिड और प्रोटीन पाया जाता है जो बालों की जड़ों को पोषण देता है। मेथी से उपचार के लिए 2 चम्मच मेथी को रात भर पानी में भिगो कर सुबह पीस लें। इस लेप को अपने बालों और सिर पर कम से कम 30 मिनट के लिये लगायें। 30 मिनट के बाद बालों को किसी अच्छे हल्के शैम्पू से धो लें। इससे रूसी हटेगी, बाल मजबूत होगें और टूटने से बचेगें।

## तिल का तेल

तिल का तेल लगाने से बाल मजबूत, घने, लम्बे होते है और साथ ही रूसी भी दूर होती है। इसके लिए बालों मे तिल के तेल की मालिश करें। मालिश के बाद बालों को गर्म तौलिये से स्टीम करें। इस तरह पांच मिनट तक करें। थोड़ी देर बाद सिर धो लें।

## फायदेमंद आंवला

स्वस्थ बालों के लिए कैरोटिन आवश्यक तत्व है जो आंवले में पाया जाता है। बालों को पोषण देने के लिए आप आंवले का तेल लगा सकते हैं। या तुलसी और आंवले के पाउडर का लेप बनाकर इस लेप से सिर पर मालिश करें।

## गुडहल के फूल

गुडहल के फूल से बना तेल डेंड्रफ के लिए बहुत उपयोगी माना जाता है। इसके उपयोग के लिए गुडहल के फूल का पेस्ट और नारियल के तेल को पानी में कुछ मिनटों के लिए उबाल लें। ठंडा होने पर इसे स्कैल्प पर लगाये और रात भर के लिए छोड़ दें, सुबह किसी अच्छे शैम्पू से सिर धो लें। कुछ ही दिनों में डैंड्रफ दूर हो जाएगी।



## नींबू का रस

नींबू के रस में विटामिन सी, ए, बी, फॉसफोरस और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता हैं जिससे बाल चमकदार और घने बनते हैं। अगर बालों में डैंड्रफ है तो गर्म तेल में नींबू के रस को डाल कर मालिश करने से यह दूर हो जाती है साथ ही बालों का झड़ना भी रुक जाता हैं। नहाने से पहले नींबू के रस से सिर की मालिश कर बालों को धोने से भी फायदा होता है।

## दही और काली मिर्च

दही के सेवन से स्कैल्प पर नमी आती है। जिससे डैंड्रफ से छुटकारा पाया जा सकता है। डैंड्रफ की शिकायत होने पर बालों को दही में काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर सिर धोयें।

# जानिए लिपस्टिक लगाने के नए स्टेप्स

लिपस्टिक लगाना हर लड़की को पसंद होता है। पार्टी हो, ऑफिस हो या फिर कोई आउटिंग, लिपस्टिक के बिना किसी भी फैशनीस्ता का लुक पूरा नहीं होता। लेकिन क्या आप जानती हैं आपकी ये लिपस्टिक बनती कैसे है? लिपस्टिक बनाने के कितने स्टेप्स होते हैं। शुरू से लेकर आखिर तक कैसे लिपस्टिक तैयार होती है।

## लिपस्टिक बनाने के तरीके

» सबसे पहले वेजेटेबल बेस को पिगमेंट के साथ मिलाकर फॉमरूला तैयार किया जाता है।

» फिर मल्टीपल शेड्स को मिलाकर नई शेड्स तैयार की जाती है।

» तैयार हुई शेड्स को मेटल मोल्ड में भरा जाता है।

» इन मोल्ड्स को 15 मिनट के लिए फ्रीजर में रखा जाता है।

» फ्रीज़र से निकाल कर मोल्ड्स को खोलकर ट्यूब में भरा जाता है।

»आपकी लिपस्टिक तैयार है।

## डार्क लिपस्टिक लगाना सामान्यत

लोग नजरअंदाज कर देते हैं, पर यह एक बोल्ड लुक भी प्रदान करती है। अत- इसे अच्छे से लगाना बहुत महत्वपूर्ण है। यहां हम आपको बताएंगे कि डार्क रंग की लिपस्टिक कैसे लगायें। डार्क लिपस्टिक का चुनाव करना एक निर्भीक कदम माना जाता है। रंग का चुनाव करना भी महत्वपूर्ण होता है अत: आपको रंगों के ऊपर भी ध्यान देना होगा।

## होंठो की लाइनिंग करें

पहले होंठों की सूखी परत निकाल लें तथा लिप बाम लगाकर उन्हें मॉस्चराइज करें। इसके बाद लिप पेंसिल का उपयोग करें। इस लिप



लाईनर की सहायता से होंठों की सीमा बनाएं। आप सामान्य लिप लाईनर या न दिखने वाले लिप लाईनर का उपयोग कर सकती हैं।

## होंठों को भरें

लिपस्टिक के बजाय लिप लाईनर अधिक समय तक टिकता है। अत- इस बात का ध्यान रखें कि लिपस्टिक लगाने के पहले लिप लाईनर अवश्य लगाएं। इससे यदि आपकी लिपस्टिक थोड़ी हल्की भी हो गई तो भी लिप लाईनर के कारण वह एक समान दिखेगी। अत- पहले लिप लाईनर का उपयोग करना महत्वपूर्ण है।

## होंठों को फैलाकर लिपस्टिक लगायें



लिपस्टिक लगाते समय अपने होंठों को अच्छी तरह से फैलाएं। इससे होंठों के प्रत्येक भाग पर लिपस्टिक अच्छी तरह लग जायेगी। डार्क लिपस्टिक लगाने का यह सबसे आसान तरीका है।

## लिपस्टिक कैसे लगाएं

आपको सिर्फ इतना करना है कि टिशु पेपर या टॉयलेट पेपर का एक टुकड़ा लेकर उसे दोनों होंठों के बीच में दबाएं। इसके बाद लिपस्टिक की एक और परत लगाएं। इससे लिपस्टिक एक समान रूप से लग जायेगी।



## किनारों को साफ करें

यदि आपकी लिप लाइन अच्छी नहीं है तो कंसीलर या लिपस्टिक के रंग के लिप लाईनर से होंठों की सीमा बनायें। इससे आपको एक अच्छा लुक मिलेगा।

## मॉश्चराइजिंग लिपस्टिक

जिन लोगों कि ड्राय स्किन होती हैं उन लोगों का ज्यादा इस्तेमाल मॉश्चराइजिंग लिपस्टिक का करना चाहिए। इससे आपके होठ मुलायम और कोमल रहते हैं, ऐसी लिपस्टिक में विटामिन ई, ग्लिसरीन और ऐलोवेरा होता है जिसकी वजह से आपके होठों पर चमक आती हैं।

## साटन और शियर लिपस्टिक

ये लिपस्टिक आपके होठों को मॉश्चराइज करती हैं और गलॉसी लुक देती हैं। इसमें ऑयली सामग्री की मात्रा ज्यादा होती हैं, इसके कारण ही इनकी पैकिंग गहरे रंग की दिखाई देती हैं। अच्छे लुक के लिए इसे होठों पर एक कोट से ज्यादा बार लगाना पड़ता हैं। ऐसी लिपस्टिक की खामी ये होती हैं कि ये लंबे समय तक नहीं चल पाती हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**